

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 256 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 11 जुलाई 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर — कुन्जारा में 50-60 महिलाएं समूह में सक्रिय होकर धागाकरण कार्य कर रहे

पेज -8 पर — पेयजल समस्या से ग्रामीण त्रस्त, नहीं हो रहा समाधान


## सावन के पहले सोमवार में भगवान श्री कुलेश्वर नाथ में दर्शन करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रयाग राज राजिम त्रिवेणी संगम बीच स्थित भगवान कुलेश्वरनाथ महादेव के मंदिर में सुबह ही शिव भक्तों का तांता लगा है। दूर-दूर से श्रद्धालुजन भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा करने अपने परिवार और बच्चों के साथ पहुंचते रहे। श्रीकुलेश्वर नाथ बाबा का दरबार हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजता रहा।





मंदिर में भीड़ को देखते हुए पुजारियों द्वारा क्रमवार दर्शन के लिए व्यवस्था की गई थी। महिलाएं एवं युवतियां पूरे विधिविधान के साथ दूध और पवित्र जल से भोलेनाथ को स्नान कराके आरती और भोग चढ़ाते हुए दिखे। भगवान शिव के प्रिय कनेर फूल, धतूरा, बेल, बेल पत्ता भी खूब चढाएं। महिलाओं और युवतियों की श्रद्धा देखते ही बन रही थी। इसी प्रकार राजिम शहर के बाबा गरीबनाथ महादेव मंदिर में भी सुबह से ही शिवभक्तों का तांता लग गया था।

इसके अलावा ब्रह्मचर्य आश्रम, नवापारा के राधाकृष्ण मंदिर, भूतेश्वर नाथ, मामा भांजा, सोमेश्वर नाथ के अलावा पंचकोशी धाम के कोपेश्वर नाथ, फणेश्वर नाथ, ब्रम्हणेश्वर नाथ, पटेश्वर नाथ, चंपेश्वर नाथ मंदिरों में भी सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक भी किया। ग्रामीण इलाकों के शिव मंदिरों में भी दर्शन पूजन जलाभिषेक लोग करते रहे।

## हिस्ट्रीशीटर की गुंडागर्दी, मुफ्त में चिकन बिरयानी के लिए होटल वाले से की मारपीट




**रायपुर।** मोवा इलाके के हिस्ट्रीशीटर की गुंडागर्दी एक बार फिर सामने आई है. मुफ्त में चिकन बिरयानी खिलाने से मना करने पर होटल वाले से मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी है। इसकी शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है, लेकिन अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं की है. आरोपी के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हो चुके हैं. वसूली, चाकूबाजी, धमकी, गुंडागर्दी, नशे का धंधा आदि के कई मामले दर्ज हैं. गंज पुलिस के मुताबिक विपिन श्रीवास्तव की पंडरी में केनाल रोड सिग्नल के पास सोनू बिरयानी सेंटर है. वहां एक युवक 2 जुलाई को रात करीब 9.30 बजे चिकन बिरयानी खाया. इसके बाद विपिन ने पैसा मांगा, तो युवक ने जमन ईरानी देंगे बोलते हुए जाने लगा. विपिन ने इस पर आपत्ति करते हुए पैसे की मांग की. इससे युवक नाराज हो गया और जमन को मौके पर बुला लिया. जमन हिस्ट्रीशीटर है. वह अपने साथी के साथ मौके पर पहुंचा और दुकानदार विपिन को धमकाने लगा. उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी. इसके बाद आरोपी चले गए. घटना की शिकायत पर पुलिस ने जमन और कक्कू के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया. दोनों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### एक नजर


## बेटे की करतूतों की पिता को मिली सजा,

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के तिल्दा में पुरानी रंजिश के चलते बुजुर्ग की तालाब में डुबोकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपित जागेश्वर जांगड़े (38) को गिरफ्तार किया है। पूरा मामला तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने घटना के बाद कुछ ही घंटों में मामले का राजफाश कर दिया।

तिल्दा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक राम अवतार रात्रे (55) की हत्या की गई। मृतक और आरोपित का घर आस-पास है। मृतक का आठ जुलाई को दोपहर करीबन 02.30 बजे गांव के ही जागेश्वर जांगडे ग्राम भुरसुदा के साथ विवाद हुआ था। जागेश्वर जांगडे ने हत्या करने की नीयत से उसके साथ मारपीट कर मृतक का गला दबाकर पानी में डुबोकर हत्या कर दी।

## डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के इनकार के बाद मंत्री मोहम्मद अकबर बनेंगे कांग्रेस घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष, ऐलान जल्द

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस इसी साल नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कांग्रेस घोषणा पत्र समिति का अध्यक्ष पद लेने से इनकार के बाद जिम्मेदारी मंत्री मोहम्मद अकबर को दिए जाने की खबर है। हाईकमान की ओर से इस जिम्मेदारी के लिए ऐसे चेहरे की तलाश की गई, जिसकी राजनीतिक समझ तो बेहतर हो। इसका ऐलान जल्द की किया जा सकता है।







जानकारी के अनुसार दिल्ली में हुई बैठक के दौरान ही टीएस सिंहदेव ने ये कह दिया था कि उन्हें घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी ना दी जाए और उसके बाद वहां राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ मौजूद प्रदेश के तमाम नेताओं के बीच हुई चर्चा में अकबर के नाम पर सहमति बनी।

### क्या कहा था टीएस सिंहदेव ने...

टीएस सिंहदेव ने कहा कि, कांग्रेस की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष के रूप में तो मैं नहीं रहूंगा। उन्होंने कहा कि अब समय उतना नहीं बचा कि सभी से बात हो सके। सिंहदेव ने कहा कि, मैंने कहा भी है मैं समिति में नहीं रहना चाहूंगा, लेकिन सदस्य के रूप में या फीडबैक देने के लिए मैं हमेशा उपलब्ध हूं।

पिछले विधानसभा चुनाव में सिंहदेव ने ही घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली थी। उन्होंने आम लोगों से बात कर कांग्रेस का मेनिफेस्टो तैयार किया था। जिसके बाद चुनाव में कांग्रेस को बंपर जीत मिली थी।

### टीएस सिंहदेव के इनकार की वजह

बता दें कि प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार हमेशा से यहा दावा करती रही है कि घोषणा पत्र के ज्यादातर वादे पूरे किए गए लेकिन इन दावों से टीएस सिंहदेव हमेशा ही असंतुष्ट नजर आए। कई बार उनकी तरफ से ये खुलकर कहा गया कि घोषणा पत्र के ज्यादातर वादे पूरे किए गए लेकिन कई अहम वादे छूट भी गए जिन्हें पूरा करना बेहद जरूरी था। इसमें संविदा, अनियमित और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग सबसे ऊपर थी।

## मुख्यमंत्री ने ग्राम भरदा में माता श्रीमती बिंदेश्वरी बघेल पार्क का किया लोकार्पण



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बालोद जिले के ग्राम भरदा (टटेंगा) में स्वर्गीय माता श्रीमती बिंदेश्वरी बघेल पार्क का लोकार्पण किया तथा माता श्रीमती बिंदेश्वरी बघेल की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित अतिथियों ने पार्क में पौधरोपण भी किया।



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन के दौरान बिंदेश्वरी पार्क के सौंदर्यीकरण एवं पार्क में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50-50 लाख रुपये की घोषणा की। इसी तरह उन्होंने खरखरा नदी से मेन रोड टटेंगा तक 03.50 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 65 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के उन्नयन की घोषणा की।




इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, संसदीय सचिव श्री कुंवर सिंह निषाद, विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

## एम्स के एचओडी समेत 4 लोगों पर फिजिकली और मेंटली हरासमेंट का आरोप

### महिला आयोग से युवती ने लगाई न्याय की गुहार

**रायपुर.** एम्स हॉस्पिटल के खिलाफ राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज हुई है. फॉर्मोकोलॉजी डिपार्टमेंट में काम कर रही युवती ने HOD पर मेंटली और फिजिकली हरासमेंट का आरोप लगाया है।



पीड़ित फार्मासिस्ट का आरोप उसे मेंटली और फिजिकली हरासमेंट किया गया और जॉब से निकाला गया. फॉर्मोकोलॉजी के सीनियर प्रोफेसर, असिसेन्ट प्रोफेसर, टेक्निकल असिस्टेंट और क्लर्क 4 लोगों पर मेंटली और फिजिकली हरासमेंट का आरोप लगाया है. बता दें कि, पीड़ित युवती फार्मासिस्ट है. 2019 से जॉब कर रही. पीड़िता का आरोप है कि, उसके साथ मेंटली और फिजीकली हरासमेंट हुआ है. फॉर्मोकोलॉजी विभाग के कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि, फाइल देते वक्त उसके हाथों को टच करते थे. फिजीकली उसे टच करते थे, कमेंट्स करते थे. एक बार HOD ने उनका फोन खींचा था और 2021 में युवती को जॉब से निकाल दिया था। हालांकि, मामला लेबर कोर्ट पहुंचा. जहां दोबारा उसे जॉब में रखा गया और उसके बाद फिर मई 2023 में पीड़िता को जॉब से निकाल दिया गया. HOD ने युवती के सभी आरोपों को गलत बताए हुए कहा कि, ऑफिस में CCTV कैमरे लगे हैं. वे हर जांच के लिए तैयार हैं. युवती की इंग्लिश अच्छी नहीं है और हमारे डिपार्टमेंट में सारा काम इंग्लिश में होता है, इसलिए हमने युवती को किसी अन्य विभाग में ट्रांसफर करने के लिए आवदेन लिखा है. जॉब से नहीं निकाला. महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने इस पूरे मामले को लेकर कहा कि, हॉस्पिटल में इंटरनल कंप्लेन कमेटी की जो रिपोर्ट होगी उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि, महिला आयोग में जनसुनवाई के दौरान आज रायपुर एम्स हॉस्पिटल के 2 शिकायतें दर्ज हुई है. दूसरा मामला इलाज में लापरवाही से मरीज की मौत का है।

## भाजयुमो ने डीईओ ऑफिस का किया घेराव, स्कूल गेम्स में लापरवाही का लगाया आरोप

**रायपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया. भाजयुमो ने स्कूल गेम्स में लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया. इस दौरान DEO को ज्ञापन भी सौंपा गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश खेल एवं कला के प्रमुख अमन यादव ने कहा स्कूल के जो शिक्षा विभाग द्वारा खेल आयोजित किया जाता है. जिसका नोटिस 2 दिन पहले आता है. और तुरंत 2 दिन बाद ब्लॉक स्तर पर गेम कराया जाता है. उसके बाद जिला स्तर का गेम कराया जाता है. कहीं ना कहीं छत्तीसगढ़ ओलंपिक में भूपेश सरकार माहौल बनाने के लिए बच्चे जो स्कूल गेम साथ खिलवाड़ करना चाहते हैं. उनका भविष्य अंधकार में रखा जा रहा है. स्कूल बच्चे का बोनस अंक राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है. बच्चों को इसमें बोनस मिलता है और छत्तीसगढ़ में जो गेम होता है वह ओलंपिक तक होता है. इसमें खिलाड़ी को लगातार परेशानी रही है. खिलाड़ियों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है. जूनियर खिलाड़ी के हाल बेहाल है. सीनियर युवा खिलाड़ी को अबतक राज्य अलंकरण नहीं दिया गया. जिसको लेकर आज युवा मोर्चा ने जिला शिक्षा अधिकारी को खेल के समय अवधि बढ़ाने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। वहीं स्कूल जिला शिक्षा अधिकारी आर.एल ठाकुर ने कहा किस्कूल खेल में गड़बड़ी मामल नहीं है. संचनालय से पत्र जारी हुआ था कि 10 जुलाई तक जिला का कैलेंडर बनाकर भेजा जाए।



## शिक्षकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, 18 जुलाई को जंगी प्रदर्शन

**रायपुर।** 31 जुलाई से शिक्षक अनिश्चितकालीन हडताल परजा रहे हैं। शिक्षकों की हड़ताल का असर स्कूलों और बच्चों की पढ़ाई में भी देखने को मिलेगा। शिक्षकों की हड़ताल से पढ़ाई बाधित होगी। आज हड़ताल के संबंध में छत्तीसगढ़ शिक्षक मोर्चा ने प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। नीचे पढ़ें जारी प्रेसनोट प्रदेश में शिक्षक एलबी संवर्ग जिनकी संख्या लगभग 1 लाख 80 हजार से ज्यादा हैं जिनमे छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा, शालेय शिक्षक संघ प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, नवीन शिक्षक संघ प्रांताध्यक्ष विकास राजपूत, छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ प्रांताध्यक्ष केदार जैन की 5 जुलाई को राजधानी रायपुर में एकता बैठक की गयी।

## भूपेश कैबिनेट की बैठक, 12 को फिर बैठेगी कैबिनेट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की कैबिनेट की 12 जुलाई को फिर बैठक प्रस्तावित है। यह बैठक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में शाम साढ़े बजे होगी। इस बैठक के एजेंडे को सरकार अंतिम रुप दे रही है।



माना जा रहा है कि 18 जुलाई से शुरू हो रहे राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले संशोधन विधेयकों को लेकर इस बैठक में चर्चा हो सकती है। सरकार के सूत्रों के अनुसार बैठक में खरीफ सीजन की खेती को लेकर भी चर्चा प्रस्तावित है। इसके लिए कृषि विभाग को पूरी रिपोर्ट के साथ आने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि अभी छह जुलाई को ही राज्य कैबिनेट की बैठक हुई थी। इसमें कर्मचारियों का डीए बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे।

### आरोप... छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन सट्टे में करोड़ों का खेल

## रायपुर से खाईवाल विनय अग्रवाल गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की कोरिया पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने रायपुर के विनय अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। विनय अग्रवाल के खिलाफ कोरिया में राज्य शासन के जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था, जिसके बाद कोरिया पुलिस की स्पेशल टीम रायपुर पहुंचकर विनय अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस की स्पेशल टीम आरोपी से खम्हारडीह थाने में प्रारंभिक पूछताछ के बाद कोरिया जिले लेकर रवाना हो गई। जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन सट्टा के करोड़ो के लेन-देन में विनय अग्रवाल की संलिप्तता पाई गई थी. जिसके बाद आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लागतार तलाश जारी थी. बताया जा रहा है कि विनय अग्रवाल बीते कई सालों से ऑनलाइन सट्टे का काला कारोबार कर रहा था. गिरफ्तारी के बाद कई बड़े खुलासे होने की आशंका जताई जा रही है।





### मोबाइल फोन और बैंक खातों की जांच शुरू

कोरिया पुलिस पूरे मामले में विनय के मोबाइल फोन और बैंक खातों की जांच शुरू कर दी है. पुलिस टीम गिरफ्तारी के बाद ही आरोपी से फोन जब्त कर पूछताछ में जुटी हुई थी. आरोपी के संपर्क में कौन-कौन लोग हैं. ऑनलाइन सट्टे के व्यापार में अन्य सहयोगी कौन थे. सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है. साथ ही आरोपी के बैंक खाते से ट्रांजैक्शन हिस्ट्री भी खंगाली जा रही है. पुलिस को आशंका है, इस पूरे कारोबार में अन्य लोगों के हाथ जुड़े हुए हैं.

कोरिया पुलिस ने बताया कि विनय अग्रवाल की गिरफ्तारी की गई है. आरोपी के विरुद्ध कोरिया में राज्य शासन के जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है. जिसकी जांच की जा रही है। दरअलस, कोरिया निवासी हंसराज अग्रवाल उर्फ हंसु ने पिछले हफ्ते सूरजपुर जिले के होटल आदित्य में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. पुलिस जांच में खुलासा हुआ था कि हंसराज अग्रवाल ऑनलाइन सट्टे में करोड़ों के लेन-देन में फंस गया था. जिसके बाद कई खाईवालों के दबाव में आकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया. पुलिस को मौके से सुसाइड नोट बरामद हुआ था. जिसमें रायपुर, दुर्ग, अंबिकापुर समेत महाराष्ट्र के आधा दर्जन खाईवालों के नाम का जिक्र किया गया था।

# भ्रष्टाचारी नेताओं के दाग भाजपा में धुल जाते हैं, अब यह कोई जुमला नहीं हकीकत बन गया है

विपक्षी नेताओं पर सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई किसी से छिपी नहीं है। भ्रष्टाचार में संलिप्त कई नेता भाजपा में शामिल हुए और उनसे जुड़े मामलों पर ताला लग गया। विपक्षी पार्टियों की ओर से भी लगातार यह आरोप लगाए जाते रहे हैं कि भाजपा वाशिंग मशीन की तरह है, उसमें जो भी जाता है उसके सारे दाग धुल जाते हैं। जिन नेताओं पर घोटाले के कई बड़े आरोप हैं वह जब भाजपा में चले गये तो एक तरह से जांच एजेंसियों की ओर से उन्हें क्लीन चिट मिल गयी।

महाराष्ट्र सरकार में अजित पवार समेत कई नेताओं के शामिल होने के बाद से बवाल मचा हुआ है। भाजपा ने भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे अजित पवार और दूसरे विधायकों को महाराष्ट्र सरकार में शामिल करवा कर पक्षपात करने और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग करने का आरोप लगाकर विपक्षी दलों को मौका दे दिया। वि पक्षी नेताओं का कहना है कि जिन पर कल तक भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे थे, उन्हें सरकार में मंत्री बना लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ दिन पहले ही एनसीपी को नेचुरली करप्ट पार्टी कहा था, अब वही दल महाराष्ट्र की भाजपा सरकार में सत्ता में भागीदारी कर रहा है। महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री बनाए गये अजित पवार को पीएम मोदी ने कॉआपरेटिव घोटाले का आरोपी बताया था। इसका जिक्र मोदी ने भोपाल में दिए गए भाषण में किया था। इसी तरह महाराष्ट्र में भाजपा के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा था कि हमारी सरकार आने पर अजित दादा चक्की पीसिंग एंड पीसिंग। अब वही पवार उपमुख्यमंत्री का पद पाकर फडणवीस के बराबर आ गए। पाला बदल कर आए छगन भुजबल महाराष्ट्र सदन घोटाले में जेल तक जा चुके हैं। इसी तरह हसन मुशरिफ और उनके तीन बेटों पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। मंत्री बनी अदिति तटकरे के पिता के खिलाफ एसीबी ने सिंचाई घोटाले में चार्जशीट फाइल कर रखी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के करीबी इकबाल मिर्ची के मुंबई में एक प्लॉट पर बिल्डिंग बनवाई। ऐसे आरोप लगे कि इस बिल्डिंग में प्रफुल्ल पटेल का भी एक फ्लैट है। इस साल फरवरी में बिल्डिंग के चार फ्लोर को अटैच किया गया था। इसके अलावा



बीजेपी आती है, तो भ्रष्टाचार भागता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस टिप्पणी के बाद भ्रष्टाचार फिर से राजनीति के केंद्र में आ गया है। आजादी के बाद से ही भारत में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा रहा है और सभी पार्टियां इसे खत्म करने का दावा करती रही हैं।

एविएशन स्कैम में भी प्रफुल्ल पटेल जांच के दायरे में हैं।

विपक्षी दलों का आरोप है कि जो भाजपा का दामन थाम लेता है, उसका दामन पाक साफ हो जाता है। विगत वर्षों में भाजपा में शामिल होने के बाद शुभेन्दु अधिकारी, हिमंत बिस्वा सरमा, मुकुल रॉय, नारायण राणे जैसे कई भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं के दाग धुल गए हैं। इस कवायद पर एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार ने तंज कसते हुए कहा कि दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री ने एनसीपी को भ्रष्टाचार के लिए टारगेट किया था, प्रधानमंत्री का शुक्रिया कि उनके सरकार में शामिल होने से वे सभी आरोपों से मुक्त हो गए हैं। 2014 के बाद से नरेंद्र मोदी सरकार लगातार विपक्षी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही है। छापेमारी और समन खासकर तब तेज हो जाते हैं जब चुनाव नजदीक हों। लेकिन यह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई नहीं है क्योंकि अगर यह लड़ाई होती तो यह भ्रष्टाचार के आरोपी भाजपा नेताओं को नहीं बख्शती। इस भ्रष्टाचार-विरोधी एजेंडे की चयनात्मक प्रकृति इसे एक जादू-टोना बना देती है। यह जादू-टोना मोदी सरकार द्वारा विवादास्पद राफेल सौदे की जांच कराने से इंकार करने, या जिस तरीके से उसने पांच साल के लिए लोकपाल नियुक्त करने से अपने पैर खींच लिए थे, उसके बिल्कुल विपरीत है।

बीजेपी आती है, तो भ्रष्टाचार भागता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस टिप्पणी के बाद भ्रष्टाचार फिर से राजनीति के केंद्र में आ गया है। आजादी के बाद से ही भारत में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा रहा है और सभी पार्टियां इसे खत्म करने का दावा करती रही हैं। बीजेपी भी इससे अछूती नहीं है। पिछले दिनों सीबीआई और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ 14 दलों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया तो खुद प्रधानमंत्री मोदी इसके बचाव में उतर आए। हालांकि कोर्ट से विपक्षी दलों को निराशा हाथ लगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त नेता एक साथ एक मंच पर आ रहे हैं। कुछ दलों ने भ्रष्टाचारी बचाओ आंदोलन छेड़ा हुआ है, लेकिन एक्शन नहीं रुकेगा।

प्रधानमंत्री की टिप्पणी के बाद विपक्ष ने भी इस बार जोरदार पलटवार कर दिया। तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष ममता बनर्जी ने मंच पर वाशिंग मशीन लगाकर बीजेपी पर तंज कसा। ममता ने कहा कि बीजेपी वाशिंग मशीन है और दागियों को धुलकर सफेद कर देती है। ममता ने इसका लाइव डेमो भी दिखाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी ट्वीट कर मोदी सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि विपक्ष के 95 फीसदी नेताओं पर ईडी और सीबीआई का केस दर्ज हुआ है, लेकिन जो नेता बीजेपी में शामिल हो जाते हैं उसका दाग धुल कर साफ कर दिया जाता है। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि वे कहते हैं कि बीजेपी में आकर भ्रष्टाचार करो। गौरतलब है कि ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग को लेकर विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था। पीएम मोदी को लिखे पत्र में विपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकार विपक्ष के खिलाफ ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है, साथ ही बीजेपी नेताओं के खिलाफ जांच धीमी गति से चलती है।

पत्र में ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों के कथित दुरुपयोग की निंदा की गई। विपक्ष ने केंद्रीय एजेंसियों की खराब होती छवि पर गहरी चिंता व्यक्त की।

योगेंद्र योगी

## संपादकीय

### ये खतरा बढ़ रहा है

कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। अब दो भारतीय राजनयिकों को धमकी दिए जाने की खबर है। इस संबंध में लगाए गए पोस्टरों के कारण यह मामला दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव का भी रूप ले चुका है। देखते-देखते खालिस्तान का साया फिर संगीन हो गयाहै, इस बात के साफ संकेत हैं। पिछले दिनों ब्रिटेन और अमेरिका में भारतीय राजनयिक ठिकानों पर हमले हुए थे। इस बीच पंजाब में अमृतपाल की परिघटना हुई। अभी सोमवार को ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने मित्र देशों से खालिस्तानी ताकतों पर लगाम लगाने को कहा है। इस सिलसिले में उन्होंने जिन मित्र देशों का नाम लिया, उनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैँ। लेकिन उसी रात यह खबर आई कि अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर खालिस्तान समर्थकों ने हमला किया है। हमले के बाद दूतावास में आग लग गई, जिस पर बाद में काबू पाया गया। इसी बीच कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। अब दो भारतीय राजनयिकों को धमकी दिए जाने की खबर है। इस संबंध में लगाए गए पोस्टरों के कारण यह मामला दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव का भी रूप ले चुका है। कनाडा में आठ जुलाई को खालिस्तान समर्थक एक बड़ी रैली निकालने की तैयारी कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक खालिस्तान फ्रीडम रैली टोरंटो में निकाली जानी है। रैली का अंत शहर में भारत के वाणिज्य दूतावास के सामने करने की योजना है।

# आपका डाटा कितना सुरक्षित, नया विधान साबित हो सकता है महत्वपूर्ण

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक को मंजूरी दी है, जिसे सरकार 20 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में कानून की शक्ल दे सकती है। देश में व्यक्तिगत डाटा और निजता की सुरक्षा को लेकर कानून की लंबे समय से मांग को देखते हुए यह अहम कदम होगा।

भारत आंकड़ों की सुरक्षा के मुद्दे पर यूरोप और अमेरिका से काफी पीछे चल रहा है। डाटा संरक्षण और गोपनीयता पर यूरोप में 2018 से ही कानून लागू है, लेकिन इंटरनेट जिस तेजी से दुनिया बदल रहा है, उससे नया बहुत जल्दी पुराना होता जा रहा है। कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी आधारित भाषा मॉडल के बढ़ते इस्तेमाल से भारत में आ रहे व्यक्तिगत डाटा और निजता सुरक्षा कानून में कई अन्य नए मुद्दों को शामिल किए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि इस भाषा मॉडल में मुख्य भूमिका इंटरनेट पर उपलब्ध डाटा की ही है। ओपन एआई और गूगल के चैटजीपीटी ने आंकड़ों के खेल को दिलचस्प बना दिया है। ध्यान रहे कि भारत इंटरनेट का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है।

इसी बीच, गूगल ने अपनी गोपनीयता नीति में परिवर्तन किए




जिस तरह से व्यक्ति गत डाटा को निजी कंपनियां संपत्ति में बदल रही हैं, उसमें प्रस्तावित डिजिटल व्यक्ति गत डाटा संरक्षण विधेयक महत्वपूर्ण कदम है।

हैं, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि गूगल हर उस सामग्री को पढ़ने में सक्षम है, जो आपने गूगल के किसी उत्पाद पर पोस्ट की है, और वह सारी सामग्री अब कंपनी की संपत्ति है, और उन सारी सामग्रियों को वह एक चैटबॉट को भी भेज रही है। यह नीति आगे बताती है कि गूगल सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का उपयोग एआई मॉडल्स को प्रशिक्षित करने और गूगल ट्रांसलेट, बार्ड और क्लाउड एआई क्षमताओं से लैस उत्पादों और सुविधाओं को बेहतर बनाने में कर सकता है।

गूगल अपनी निजता नीति को समय-समय पर परिवर्तित करता रहता है। यह वाक्यांश स्पष्ट करता है कि इंटरनेट की दिग्गज कंपनी का एआई सिस्टम अपनी पिछली नीति में संशोधन करते हुए आपके ऑनलाइन पोस्ट किए गए विचारों का उपयोग कर सकता है। यह नया वाक्यांश हमें बताता है कि पिछली नीति में जहां ऑनलाइन पोस्ट की गई सामग्री का उपयोग केवल गूगल अनुवाद, बार्ड और क्लाउड एआई के लिए ही था, लेकिन अब यह उल्लेख किया गया है कि डाटा का उपयोग एआई मॉडल के बजाय भाषा मॉडल के लिए किया जाएगा। गोपनीयता नीति में यह प्रावधान थोड़ा विचित्र है। आमतौर पर ये नीतियां बताती हैं कि कोई कंपनी आपके द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए डाटा का उपयोग कैसे करती है। पर इस मामले में ऐसा लगता है कि गूगल को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डाटा को इकट्ठा करने और उसका उपयोग कृत्रिम मेधा परीक्षण क्षेत्र में करने का एकाधिकार मिला हुआ है।

यद्यपि नीति कई मामलों को स्पष्ट करती है, लेकिन यह कुछ रोचक सवाल भी उठाती है। जब हम इंटरनेट पर कुछ पोस्ट या लेखन करने के लिए सक्रिय होते हैं, तो हम यह मानकर चलते हैं कि जो कुछ सार्वजनिक रूप से पोस्ट होता है, वही सार्वजनिक रूप से उपलब्ध भी होता है। लेकिन अब हमें यह भी समझना होगा कि प्रश्न केवल एक सार्वजनिक पोस्ट के बारे में नहीं है, बल्कि यह है कि ऑनलाइन कुछ भी लिखने का क्या अर्थ है। अब यह भी संभव है कि आपके द्वारा दस साल की उम्र में लिखी गई लंबे समय से विस्मृत कर दी कोई पोस्ट या शायद आपके द्वारा की गई किसी रेस्तरां की समीक्षा का इस्तेमाल भी बार्ड और चैट जीपीटी जैसे बड़े एआई मॉडल भाषा मॉडल्स को विकसित करने में कर रहे हों।

मुकुल श्रीवास्तव

## मिला जुला

### एक नजर

#### बंगाल में 697 बूथों पर आज दोबारा वोटिंग



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के 19 जिलों के 697 बूथों पर सोमवार फिर पंचायत चुनाव की वोटिंग हो रही है। इनमें मालदा, मुर्शिदाबाद, पुरुलिया, बीरभूम, जलपाईगुड़ी और दक्षिण 24 परगना शामिल हैं। आज होने वाले चुनाव में सबसे ज्यादा बूथ 175 मुर्शिदाबाद में और उसके बाद 110 बूथ मालदा में हैं। 8 जुलाई को पंचायत चुनाव के 73,887 ग्राम पंचायत सीटों में से 64,874 पर मतदान हुआ था। कई इलाकों से बूथ लूटने, बैलेट पेपर फाड़ने, बैलेट पेपर में आग लगाने और बम फेंकने की घटनाएं हुईं। जिन बूथों पर बैलेट बॉक्स से छेड़छाड़ और हिंसा की घटनाएं देखी गई थीं, उन्हीं पर दोबारा मतदान हो रहे हैं। जलपाईगुड़ी के जुम्मागाछ के एक मतदान केंद्र पर एक महिला को वोट डालने में दूसरी महिला की मदद करते देखा गया। हालांकि, अब तक किसी भी जगह से हिंसा या उपद्रव की खबर नहीं आ रही है। उधर, राज्यपाल सीवी आनंद बोस नई दिल्ली पहुंच गए हैं। वे गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों के बीच चुनावी हिंसा पर बातचीत हो सकती है।

#### मंडी के पंचवक्त्र मंदिर ने दिलाई केदारनाथ की याद, 10 साल बाद फिर हुआ 'चमत्कार'!

मंडी। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ से जलप्रलय जैसा मंजर है। मंडी जिले का ऐतिहासिक पंचवक्त्र महादेव मंदिर भी इस सैलाब के आगोश में दिखा। ब्यास नदी और सुकेती खड्ड के किनारे बने इस मंदिर की तस्वीरों ने केदारनाथ की याद दिला दी। यह मंदिर केदारनाथ जैसा दिखता है।

### रिकॉर्ड बारिश से तबाही

# 19 मौतें, दिल्ली समेत कई राज्यों में स्कूल बंद, पंजाब में सेना से मांगी मदद

**नई दिल्ली।** आसमान से बरसी मानसूनी आफत ने उत्तर भारत में त्राहि-त्राहि मचा रखी है. उत्तरी भारत के बड़े भूभाग से गुजरने वाली यमुना और उसकी सहायक नदियां उफान मार रही हैं. लगातार हो रही इस भारी बारिश ने भूस्खलन और ऐसी ही प्राकृतिक घटनाओं का रूप लेते हुए 19 लोगों की जान ले ली है. पहाड़ी इलाकों में बारिश ने बाढ़ का रूप लिया और सड़कों तक को बहा कर ले गई. राजधानी दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में सड़कों पर पानी इस कदर फैला कि रोड पर खड़ी गाड़ियां, कागज की नाव सी दिखाई देने लगीं.

दिल्ली में तो बारिश ने रिकॉर्ड तोड़ दिए. राजधानी में जुलाई महीने में 1982 के बाद से अब तक ऐसे बादल नहीं बरसे. हिमाचल प्रदेश के सोलन में तो 135 मिमी बारिश दर्ज की गई. आखिरी बार सोलन वालों ने 1971 में ऐसी बारिश देखी, तब भी 105 मिमी ही बारिश दर्ज की गई थी.



#### नोएडा-गाजियाबाद में स्कूल बंद

दिल्ली से सटे नोएडा में 10 से 12 जुलाई तक सभी स्कूलों को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं. दिल्ली से सटे गाजियाबाद में फंसे लोगों को बचाने के लिए हृष्टत्रस्न को पानी में उतरना पड़ा. बारिश से मची आफत को कम करने की कोशिश में कलेक्टर ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर तैयार किया है. साथ ही एक इमरजेंसी नंबर (8826797248) जारी किया गया है.

#### 16 दिनों में 54 मौत सिर्फ हिमाचल में

हिमाचल में बारिश पहाड़ से भूस्खलन के रूप में आफत बनकर गिर रही है. सूबे में पिछले 24 घंटों के दौरान ही 6 लोगों की मौत हो गई है और 3 लोग लापता हैं. बात पिछले 16 दिनों की करें तो हिमाचल भर में 54 लोगों की मौत हो चुकी है और चार लापता हैं.

#### पंजाब में सेना तैयार

पंजाब में भी बारिश कहर बनकर टूटी और अगले दिन भी ये कहर जारी रहने का अनुमान लगाया गया है. हालत ये हैं कि इस आसमानी आफत का सामना करने के लिए सरकार को भारतीय सेना की मदद मांगनी पड़ी. गृह सचिव ने वेस्टर्न कमांड को चिट्ठी लिखकर मोहाली के आस-पास के इलाकों में सेना को मदद के लिए तैयार रहने का निवेदन भेजा है।

### हिमाचल में भारी बारिश से तबाही का मंजर, नदी में बह गया 50 साल पुराना पुल



हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के चलते तबाही का मंजर मचा हुआ है। सूबे में कई जगहों पर लैंडस्लाइड की घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, बारिश के चलते सैकडों सड़कें बाधित हो गई हैं। ब्यास नदी उफान पर चल रही है। हिमाचल में बारिश की तबाही के कई वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। बारिश के कहर के कारण हिमाचल प्रदेश में कई पुल ढह गए। भारी बारिश के चलते नदियों का बहाव इतना तेज है कि जो कुछ बीच में आ रहा है सबकुछ विलीन होता जा रहा है। मंडी के अतिरिक्त जिलाधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया कि ब्यास नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण ऐतिहासिक पंचवक्त्र पुल बह गया। समाचार एजेंसी एएनआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो में मंडी जिले के औट को सैंज और बंजार के बगल में लारजी से जोड़ने वाला 50 साल पुराना पुल भी भारी बारिश में बह गया। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इन पुलों के बह जाने पर चिंता व्यक्त की।

### बंगाल में जारी हिंसा पर भड़के दिग्विजय

# बोले- मैं ममता का प्रशंसक लेकिन जो हो रहा वह डरावना




**भोपाल।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में छिटपुट विरोध प्रदर्शन और चुनाव के बाद हिंसा की घटनाएं जारी रहने के पर इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। दिग्विजय सिंह ने इन घटनाओं को अक्षम्य बताते हुए ट्विटर पर लिखा कि बंगाल में पंचायत चुनाव में जो हो रहा है वह भयावह है। मैं ममता के धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रशंसक रहा हूं, लेकिन जो हो रहा है वह अक्षम्य है। हम जानते हैं कि आपने सीपीएम शासन में इसी तरह की स्थिति का बहादुरी से सामना किया था लेकिन अब जो हो रहा है वह हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। बता दें, कांग्रेस नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की टिप्पणी तब आई है जब राज्य चुनाव आयोग ने रविवार को घोषणा की कि बंगाल पंचायत चुनाव के लिए 696 बूथों पर सोमवार को पुनर्मतदान होगा, जहां ग्रामीण चुनाव के लिए मतदान शून्य घोषित कर दिया गया है। शनिवार को हिंसा से प्रभावित पंचायत चुनावों में, लोगों ने 2.06 लाख उम्मीदवारों के लिए 61,636 बूथों पर वोट डाले थे, जो राज्य में त्रि-स्तरीय पंचायत प्रणाली की 73,887 सीटों के लिए चुनाव मैदान में थे।

# श्रीलंका के दो करोड़ लोगों को भारत ने दिलाया सबसे बड़ा भरोसा




**भारत** ने अपने समुद्री पड़ोसी देश श्रीलंका के लिए एक बार फिर बड़े भाई जैसा दिल दिखाते हुए उसकी मदद करने का ऐलान किया है. दरअसल भारत ने इतिहास के सबसे बड़े आर्थिक संकट से उबरने की श्रीलंका की कोशिशों का समर्थन करने में 'रचनात्मक भूमिका' निभाने की अपनी इच्छा दोहराते हुए हर संभव सहयोग का ऐलान किया है. कोलंबो में निर्माण, बिजली एवं ऊर्जा एक्सपो 2023 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए भारत के उप उच्चायुक्त विनोद के जैकब ने कहा है कि भारत और श्रीलंका के बीच हाल में गहरे हुए परस्पर संबंधों ने दोनों देशों के बीच दोस्ती और सर्वांगीण सहयोग को मजबूत किया है. भारतीय अधिकारी ने यह भी कहा, 'हम इस साल जनवरी में आईएमएफ की ऋण प्रक्रिया शुरू करने के लिए श्रीलंका को आवश्यक वित्त पोषण के संबंध में आश्वासन देने वाले पहले देश थे.

### अब सिर्फ मंत्रालय की डील बाकी

# रामविलास पासवान के बेटे चिराग बनेंगे राज्यमंत्री



**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक दिवंगत रामविलास पासवान के बेटे और जमुई के सांसद चिराग पासवान ने एनडीए में शामिल होने की डील फाइनल कर ली है। अभी औपचारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हुई है, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से पटना में मुलाकात के बाद यह बात सामने आ रही है कि वह केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में बताओ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) शामिल हो रहे हैं। उनके लिए कौन-सा विभाग तय होगा, अब सिर्फ इसकी डील बाकी है। लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान के निधन के बाद उनके भाई पशुपति कुमार पारस को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में शामिल किया गया था, जबकि तब जदयू से चिराग पासवान के टकराव के कारण इन्हें भाजपा साथ नहीं रख सकी थी।

### योगी के मंत्री असीम अरुण का खुला पत्र

# ज्योति मौर्य केस ने खड़ा किया निजता का मुद्दा, क्या हमने परिपक्वता दिखाई?





**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश की पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य और उनके पति आलोक मौर्य के बीच पारिवारिक विवाद इस समय सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। बात आलोक मौर्य के ज्योति मौर्य पर आरोप लगाने से शुरू हुई, इसके बाद एसडीएम ज्योति मौर्य की तरफ से जवाबी हमला किया गया। इसके बाद से ही मामले ने तूल पकड़ लिया। वहीं अब इस पूरे मसले पर पूर्व आईपीएस और योगी सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण असीम अरुण ने एक ट्वीट के माध्यम से अपनी बात रखी है। असीम अरुण ने लिखा है कि मामले में कौन सही है या कौन गलत? ये तो वही दोनों लोग जानते होंगे लेकिन इस पूरे प्रकरण में निजता का मुद्दा निश्चित रूप से हम सबके सामने मुंह खोले खड़ा है।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत 17 जुलाई से

16 तरह के पारम्परिक खेल होंगे शामिल बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक तीन आयु वर्ग के प्रतिभागी ले सकेंगे हिस्सा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन हरेली त्योहार के दिन 17 जुलाई से शुरू किया जाएगा। छत्तीसढ़िया ओलंपिक 6 चरणों में लगभग ढ़ाई महीने तक आयोजित होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने और उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा खेल भावना का विकास करने हेतु छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया जा रहा है।

खेल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के ओलंपिक में एकल श्रेणी में रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी जोड़ा गया है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन का दायित्व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को सौंपा गया है। प्रतियोगिता का समापन 27 सितंबर 2023 को होगा। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी कंचा, जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर प्रतियोगिता 17 जुलाई से 22 जुलाई तक नॉकआउट पद्धति से होगा। वहीं दूसरा स्तर जोन है। जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक क्लब होगा। इसका आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक होगा। विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक होगा। जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 04 सितंबर तक होगा।

संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक होगा और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18.40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर पर विजेता प्रतिभागियों से लेकर राज्य स्तर के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर प्रथम आने वाल विजेता खिलाड़ियों को 1000 रूपए, द्वितीय स्थान आने पर 750 रूपए एवं तीसरा स्थान आने पर 500 रूपए की पुरस्कार राशि एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह जिला स्तर पर प्रथम आने वाल विजेता प्रतिभागियों को 2000 रूपए की राशिए द्वितीय आने पर 1500 रूपए और तीसरे स्थान आने पर 1000 रूपए की राशि सहित प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। संभाग स्तर पर विजेता प्रतियोगियों को प्रथम आने पर 3000 रूपए, द्वितीय आने पर 2500 रूपए एवं तीसरे स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को 2000 रूपए एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। राज्य स्तर पर ओलंपिक के अंतिम आयोजन में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को 5000 रूपए, द्वितीय आने पर 4500 रूपए एवं तीसरे स्थान आने वाले खिलाड़ियों को 4000 रूपए की राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

## स्कूल से कीमती सामान चोरी करने वाले दो आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।



मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर स्कूल से चार लाख रुपये कीमती लैपटाप, प्रोजेक्टर ए सीपीयू चोरी के दो आरोपियों को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस चोरीकांड का खुलासा करते हुये चांपा एसडीओपी मधुमणि सिदार ने बताया प्रार्थी जीएल चौहान व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमंदा ने थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत 16 जून को आईसीटी लैब को खोले थे जहां सभी समान व्यवस्थित था। उसके बाद 27 जून को पुनरू लैब को देखे तब लैब में रखा लैपटाप, कि बोर्ड एवं माउस मनिटर प्रोजेक्टर नहीं था। इन सभी सामानों कै कोई अज्ञात व्यक्ति चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना चाम्पा में अपराध 300/23 धारा 457, 380, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी राजेन्द्र बरेठ उम्र 22 वर्ष और हेमंत श्रीवास उम्र 19 वर्ष निवासी कोसमंदा को घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ किया गया। उन्होंने उक्त घटना दिनांक को चोरी करना स्वीकार किये। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान पांच नग लैपटाप, एक नग प्रोजेक्टर, एक नग सीपीयू, एक नग वाई फ ाई जुमला कीमती चार लाख रुपये एवं घटना में प्रयुक्त एक लोहे का रॉड एवं पेचकस बरामद कर लिया गया है। आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाये जाने से चांपा पुलिस ने उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया ए जहां से दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक भुनेश्वर प्रसाद तिवारी, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, आरक्षक ईश्वरी राठौर, माखन साहू, डिकेश्वर साहू, नितीन द्विवेदी, रूपनारायण बरेठ का सराहनीय योगदान रहा।

## कलेक्टर ने की खरीफ बुआई की समीक्षा

कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों को किसानों से सतत संपर्क बनाए रखने और समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश




**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने खरीफ बुआई की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को किसानों के साथ सतत संपर्क बनाए रखने और उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा कर उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग के जिला कार्यालय के अधिकारियों के साथ ही एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से खेती-किसानी की गतिविधियों के संबंध में चर्चा की।

इस दौरान बीज के भण्डारण और उठाव, बुआई, रोपाई की समीक्षा भी की। उन्होंने किसानों की समस्याओं की जानकारी लेकर उन्हें सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कृषि विभाग के साथ ही राजस्व विभाग द्वारा भी आंकलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के माध्यम से किसानों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने खेती किसानी की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुए विशेष रणनीति के साथ कार्य किए जाने की बात कही। उन्होंने अल्पावधि के धान, लघु धान्य, मक्का, दलहन फसलों के लिए भी किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। इस बैठक में उप संचालक कृषि डीपी तांडे, एसएसडीओ आनंद नेताम सहित अन्य कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के लिए जिला न्यायाधीश ने लिया बैठक



**जगदलपुर।** नेशनल लोक अदालत 09 सितम्बर को आयोजन के संबंध में आवश्यक तैयारियों के लिए जिला न्यायाधीश श्री मनीष कुमार ठाकुर द्वारा सोमवार को बैंक, बी.एस.एन.एल. विद्युत विभाग, नगर पालिका निगम एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर नेशनल लोक अदालत की महत्ता बताते हुए उन्हें अपने विभागों व संस्थाओं से संबंधित प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकृत किए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आगामी 09 सितम्बर 2023 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, व्यवहार वाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण, धारा 138 निईएक्ट के प्रकरण, पारिवारिक विवाद के प्रकरण, राजस्व प्रकरण, श्रम विवाद के प्रकरण एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरण के साथ-साथ बैंक, बीएसएनएल, जलकर, सम्पत्ति कर से संबंधित राशि वसूली के विवाद पूर्व प्रकरण (प्री-लिटिगेशन) का निराकरण किया जाना है।

## एक नजर

### विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व का प्रथम विधान पाट जात्रा कार्यक्रम 17 जुलाई को

**जगदलपुर।** विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व वर्ष 2023 का प्रथम विधान पाट जात्रा कार्यक्रम 17 जुलाई हरियाली अमावस्या के दिन पाट जात्रा पूजा विधान कार्यक्रम मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने प्रातः 11 बजे सम्पन्न किया जाएगा। जिसमें बस्तर संभाग के सभी गणमान्य नागरिक, मांझी-चालकी, पुजारी, रावत एवं जन समुदाय शामिल होंगे।

### सखी वन स्टॉप सेंटर के रिक्त पदों की नियुक्ति हेतु दावा आपत्ति 11 जुलाई तक

**जगदलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत बस्तर जिले में सखी वन स्टॉप सेंटर जगदलपुर की स्थापना उपरांत सेंटर दैनिक कार्यों के संचालन व सभी सुसंगत कार्यवाहियों के लिए केन्द्र प्रशासक (सेवा प्रदाता) की नियुक्ति की जानी है। इस हेतु 22 जून को आवेदन आमंत्रित किया गया था आवेदन पत्रों का संकलित कर पात्र-अपात्र की सूची हेतु दावा आपत्ति मंगाई गई है। दावा आपत्ति 11 जुलाई 2023 को 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं तथा 12 जुलाई 2023 को समय 12 बजे से वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया जाएगा। पात्र/अपात्र की सूची कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय जगदलपुर में चस्पा किया जाएगा।

### पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण हेतु हेल्पलाइन नम्बर जारी

**दंतेवाड़ा ।** संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन जगदलपुर के संयुक्त संचालक श्री धीरज नशीने द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन जगदलपुर का हेल्पलाइन नम्बर 07782-226290 तथा व्हाट्सएप नंबर 93292-82405 है। कर्मचारी अपनी समस्या के आवेदन उपरोक्त व्हाट्सएप नंबर या ईमेल आईडी में भी प्रेषित कर सकते। संयुक्त संचालक द्वारा अपील किया गया है कि अगर किसी प्रकार की पेंशन प्रकरणों के निराकरण में कोई समस्या आने पर या असंतुष्टि की स्थिति होने पर कार्यालयीन दिवस सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से संध्या 05 बजे तक आयुक्त बस्तर संभाग भवन के द्वितीय तल में संचालित कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का हुआ आयोजन

### कलेक्टर ने विभिन्न बैंकिंग संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु बैंकों को दिए निर्देश



**कोण्डागांव।** जिला कार्यालय कोण्डागांव सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में संचालित सभी बैंकों के मैनेजरों, लीड बैंक मैनेजर, नाबार्ड के प्रतिनिधि, आरबीआई के प्रतिनिधियों से विभिन्न योजनाओं के संचालन तथा उनके बैंकों का विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर पर्यावरण पर चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर ने मत्स्य पालन करने वाले किसानों को ई केवाईसी के माध्यम से कुछ किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा ऋण प्राप्ति में आ रही समस्या को निराकृत करने तथा व्यक्तिगत स्तर पर भी ऋण उपलब्ध कराने तथा ई-केवायसी ना लिंक होने के कारण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त नहीं होने की समस्या के निराकरण हेतु जल्द से जल्द सभी का ई-केवायसी अपडेट करने को कहा। मनरेगा मजदूरों के खातों में आधार सीडिंग ना हो पाने को लेकर कुछ बैंक शाखाओं में आई समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने ऐसी शाखाओं में श्रमिकों के लिए बिजनेस कॉरस्पॉडेंट के माध्यम से विशेष व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया इसके साथ ही उन्होंने श्रमिकों के बैंक आने पर उनका उत्साहवर्धन करते हुए भरपूर सहयोग प्रदान करने हेतु कहा। स्कूली बच्चों को प्राप्त होने वाली छात्रवृत्ति के संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर ने बैंकों को सभी बच्चों के खातों को बिना न्यूनतम सीमा वाले खातों के तहत खोलने तथा इन खातों से किसी प्रकार के अतिरिक्त शुल्क ना काटने हेतु निर्देशित किया।

## चौपाटी फूड स्टालों, किराना दुकानों, होटल में स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी निरीक्षण




**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के आदेशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा बरसाती मौसम एवं त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त चौपाटी फूड स्टालों,किराना दुकानों, होटल में स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी नियमित निरीक्षण, नमूना संग्रहण एवं अनियमितता पाये जाने पर कार्यवाही किया गया। तोकापाल ब्लॉक के समस्त खाद्य प्रतिष्ठानों एवं डिमरापाल मेडिकल कॉलेज जगदलपुर के सामने संचालित फूड स्टालों, किराना दुकान एवं होटलों का सघन निरीक्षण खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं टीम द्वारा किया गया। इस दौरान खाद्य लाइसेंस की जांच की गई, जिसमें बहुत से प्रतिष्ठानों में लाइसेंस नहीं पाया गया, उन्हें सात दिवस का समय देते खाद्य लाइसेंस-पंजीयन लेकर ही खाद्य कारोबार करने हेतु निर्देशित किया गया। मोबाईल फुड लैब के माध्यम से



नमूना संग्रहण किया गया एवं फूड लैब द्वारा तत्काल नमूना जांच कर रिपोर्ट दिया गया। मोबाइल फूड लैब के माध्यम से कुल 55 नमूना संग्रहण किया गया जिसके तत्काल जांच करने पर 46 नमूना मानक पाया गया, 04 नमूना मिथ्याछाप, 04 अवमानक एवं 01 असुरक्षित पाया गया। अवमानक एवं असुरक्षित नमूनों को तत्काल नष्ट करवाया गया। निरीक्षण के दौरान जिन खाद्य परिसरों में नियमानुसार स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा के मानकों का पालन नहीं करना पाया गया उन्हें तत्काल सुधार करने हेतु 09 दुकानों को नोटिस जारी किया गया। इस दौरान कोल्ड ड्रींग्स लेस पैकेट सूजी, ब्रिटानिया जिमजम बिस्कीट, पैक्ड आटा एक्सपायर पाया गया जिसे तत्काल नष्ट करते हुए भविष्य में नियम का पालन न करने पाए जाने पर अधिनियम अनुसार कार्यवाही एवं चालानी कार्यवाही करने संबंधी चेतावनी दी गयी। इस सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सुष्मित देवांगन, नमूना सहायक श्री नंद किशोर हिरवानी, एवं मोबाइल फूड लैब के स्टॉफ उपस्थित रहे। बरसाती मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त रेस्टोरेंट, फास्ट फुड सेंटर, ठेले गुमटी, जूस सेंटर संचालकों को सुझाव एवं निर्देशन हेतु अखबार पेपर का उपयोग पूर्णतः बंद करें उसके स्थान पर फुड ग्रेड पेपर का उपयोग करें।

## एक तरफ कांग्रेस विकास का ढोंग कर रही दुसरी तरफ चुनाव देख विपक्षी पार्टी गुफा से बाहर निकल रही - नवनीत चांद

वार्डों के दौरे में नवनीत चांद के जन चौपाल को मिल रहा जबरदस्त प्रतिसाद



**जगदलपुर ।** जनचौपाल को लेकर जनता कांग्रेस एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा की टीम नवनीत चांद के नेतृत्व में जगदलपुर निगम छेत्र के अब्दुल कलाम वार्ड पहुंची जहां जन चौपाल लगाकर वार्डवासियों से मुलाकात कर नवनीत के साथ पदाधिकारियों ने वार्ड के विकास,सुविधा,एवं समस्याओं से रुबरु हुए।

जनचौपाल में मुक्तिमोर्चा एवं जनता कांग्रेस नेता नवनीत

चांद ने कहा कि-

भाजपा के पूर्व विधायक और कांग्रेस के वर्तमान विधायक एवं के साथ मगर सरकार की संवाद विहीन कार्ययोजनाओ के संचालन एवं अपने कर्तव्य के प्रति बरती गई उदासीनता ने शहर के निवासियों को उनके मौलिक एवं वास्तविक विकास से वंचित रखा है। केवल सुर्खियों में रहने के जतन करने वाले विपक्षी नेता और पार्टी अब चुनाव देखकर गुफा से बाहर आ गये है शहर में ना चिकित्सा व्यवस्था ना सफाई ना सुरक्षा है वार्डों में अभी भी जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है सत्ता पर बैठी कांग्रेस पार्टी विकास का ढोंग बस कर रही मुक्ति मोर्चा जनता कांग्रेस जनता के साथ मिलकर आम जनता के विकास के लिए लड़ाई लड़ेगी और इस लड़ाई में हम सब साथ हैं। इस अवसर पर संतोष सिंह,ओम मरकाम, डेनिश राज धनसिंग बघेल,रजनी कश्यप,सुरभि बघेल,शारदा बघेल उपस्थित थे।

नहर के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचने से छा रही हरियाली

## किसानों के आय में होगी वृद्धि, आएगी सुख समृद्धि और खुशहाली

बदलता दंतेवाड़ाः नई तस्वीर





(सफलता की कहानी)

दंतेवाड़ा ।मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुसार किसानों की अर्थव्यवस्था को सुधार के लिए कृषि के क्षेत्र में नये-नये योजनाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिससे उन्हे अधिक लाभ मिल सके।

इसके लिए जिला प्रशासन भी प्रयासरत है जिले में कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार के मार्गदर्शन में दंतेवाड़ा विकासखंड के ग्राम गुमड़ा में नहर निर्माण का कार्य पूर्णता प्रगति पर है। व्यपवर्तन योजना अंतर्गत नहर लाइनिंग का कार्य प्रगति पर है। जिसकी लागत रुपये 687.84 लाख है। इससे 04 गाँवो में 1520 हेक्टेयर रकबे में सिंचाई सुविधा सृजित हुई है। जिससे लगभग 139 कृषक लाभान्वित हो रहे है। उक्त योजना में मुख्य नहर की कुल लंबाई 12,120 मी. है तथा जिसमें 04 शाखा नहर 1 गुमड़ा शाखा नहर की लम्बाई 1860 मीटर, बालपेट शाखा नहर-1 की लम्बाई 960 मीटर है, बालपेट शाखा नहर -2 की लम्बाई 780 मीटर एवं भैरमबंद शाखा नहर की लम्बाई 1440 मीटर है। योजना से रबी फसल हेतु माह जनवरी से 10 अप्रैल 2023 के मध्य 07 किली मीटर तक सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया गया था। इससे धान की पैदावार भी बढ़ेगी। फसल की उत्पादकता बढ़ने से किसान की आमदनी में इजाफा होगा। नहरों से जुड़े किसानों में हर्ष व्याप्त है।

लगभग 400 कृषकों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। पानी आने के बाद अब सूखे की समस्या भी खत्म हो गई है वहीं समय-समय पर सिंचाई सुविधा भी मिलने से उत्पादन बढ़ेगा। राज्य सरकार द्वारा सिंचाई योजना के तहत किसानों को काफी राहत मिली है। खेतों में अब सिंचाई के लिए भरपूर मात्रा में नहर के माध्यम से पानी मिल रहा है। किसानों की आय में वृद्धि करने शासन, प्रशासन के प्रयासों का ही नतीजा है कि आज इसके सकारात्मक परिणाम मिले रहे हैं। अब खरीफ हो चाहे रबी फसल खेतों में हरियाली दिखाई दे रही है।

# सरगुजा संभागायुक्त ने जिले के मतदान केंद्र और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का किया भौतिक निरीक्षण

## विश्रामपुर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के कक्षा 12वीं के भावी मतदाताओं को दिलाई गई शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।





**संभागायुक्त को अंग्रेजी में दूसरी कक्षा के विद्यार्थी ने सुनाया 8 का पहाड़**

सरगुजा संभागायुक्त शिखा राजपूत तिवारी ने आज जिले का सघन दौरा किया। जिसमें विभिन्न मतदान केंद्र, प्राथमिक शाला,माध्यमिक शाला, सैजेस और गौठान इत्यादि सम्मिलित थे। दौरे का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों का परीक्षण और राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक वस्तुस्थिति का भौतिक परीक्षण करना था। इस अवसर पर उनके द्वारा विश्रामपुर के 97 वर्षीय मुरली राम व प्राथमिक शाला अजबनगर के मतदाता केंद्र पर 80 प्लस आयु वर्ग वाले वरिष्ठ मतदाताओं श्रीफल व शॉल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने उपस्थित वरिष्ठ मतदाता जन से इस अवसर पर अपील की कि वो अपने मताधिकार का का उपयोग मतदान केंद्र में आकर करें ताकि युवा मतदाता उनसे प्रभावित हो और उनमें उत्साह का संचार हो। इसके साथ ही उन्होंने कलेक्टर संजय अग्रवाल को विकलांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के चिन्हांकन के लिए निर्देशित किया ताकि ताकि ऐसे मतदाता जो कि मतदान केंद्र में नहीं पहुंच सकते उनको वस्तुस्थिति अनुरूप आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। कलेक्टर ने संभागायुक्त को जिले में चल रहे निर्वाचन कार्य के संबंध में जानकारी मुहैया कराई। जिसमें उन्होंने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से जिले में मतदाताओं को सूची में जोड़ने, पात्र मतदाताओं के सत्यापन के लिए छोटे-छोटे क्लस्टर बनाकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार सक्रिय कार्य किया जा रहा है। संभागायुक्त विभिन्न मतदान केंद्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर वहां उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन के कार्य को प्राथमिकता वह सजगता के साथ नियमानुसार करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को बीएलओ, सुपरवाइजरों व निर्वाचन के लिए कार्य करने वाले अन्य संबंधित अमले को उचित ट्रेनिंग कराने के लिए निर्देशित किया। ताकि पात्र वोटरों को सूची में स्थान देकर सशक्त लोकतंत्र की स्थापना की जा सके। इस अवसर पर उन्होंने बीएलओ और सुपरवाइजर से मतदाताओं के नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया के संबंध में प्रश्न भी पूछे और अपनी उपस्थिति में प्रत्यक्ष रूप से एप्लीकेशन चलाने जानते है या नहीं इसका परीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने सभी संबंधित उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्वाचन के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन मुहैया कराए जाने कहा ताकि निर्वाचन के कार्य में सकारात्मक गति आये।

विश्रामपुर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के कक्षा 12वीं के भावी मतदाताओं को संभागायुक्त ने अपनी उपस्थिति में शपथ दिलाईऔर उन्हें मत के अधिकार और उसकी शक्ति से परिचित कराया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि जिन युवाओं ने वर्तमान में 18 वर्ष पूर्ण किए हैं वो सभी अपना नाम तुरंत मतदाता सूची में अपडेट कराएं और अपने मताधिकार का उपयोग करें, राज्य को बेहतर और सुदृढ़ बनाने में बढ़.चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को चुनाव की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिसके अंतर्गत उन्हें लोकसभाए विधानसभाए नगरी निकाय और पंचायत के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कक्ष में जिन जिन विद्यार्थियों ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। उनका नाम फार्म भरवा कर तुरंत मतदाता सूची में जोड़ने के लिए उपस्थित संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने प्राथमिक व माध्यमिक शाला अजबनगर, माध्यमिक शाला सिलफि ली, प्राथमिक शाला पार्वतीपुर व सैजेसजयनगर में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के साथ चर्चा की और उन्हें अपना मार्गदर्शन दिया। उन्होंने प्राथमिक शाला पार्वतीपुर में शाला के बच्चों के साथ मध्यान भोजन भी किया। विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को देखकर संभागायुक्त को काफी प्रसन्नता भी हुई। जिसमें कक्षा दूसरी के छात्र शेखर ने उन्हें अंग्रेजी में 8 का पहाड़ा सुनायांए इसी प्रकार अन्य बच्चों ने उन्हें 13 व 15 का पहाड़ा सुनाया। इसी से उत्साहित होकर संभागायुक्त ने भी उन्हें 19 के पहाड़े को याद करने की तकनीक बताई। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को 30 तक का पहाड़ा अपने शुरुआती विद्यार्थी जीवन में ही कंठस्थ करने के लिए कहा ताकि आगे भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को लाभ मिल सके।बच्चों ने मैडम को जन गण मन राष्ट्रगान और अरपा पैरी के धार राज गीत भी सुनाया। सैजेस जयनगर इंग्लिश मीडियम स्कूल में मैडम ने क्लास 1 व क्लास 2 के बच्चों से बात किया। बच्चों ने यहां उन्हें इंग्लिश अल्फाबेट ए टू जेड तक सुनाया। जिसके पश्चात मैडम ने विद्यालय परिसर में स्थित फिजिक्स केमिस्ट्री और बायोलॉजी लैब का निरीक्षण किया और लैब में उपस्थित उपकरणों के संबंध में मौके पर उपस्थित लैब असिस्टेंटों से संबंधित जानकारी मांगी। इसके साथ ही उन्होंने बायोलॉजी लैब में उपस्थित कक्षा बारहवीं जीव विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के साथ भी चर्चा की। जिसमें उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के साथ-साथ और अगर कंपटीशन एग्जाम के बारे में उनसे चर्चा इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को उनके भविष्य निर्माण को लेकर अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर उन्हें विद्यार्थियों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी कि सक्सेस का कोई शॉर्टकट नहीं होता इसे केवल और केवल अनुशासन और कड़ी मेहनत से प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही संभागायुक्त ग्राम पंचायत बीरपुर अमृतसर के अंतर्गत निर्मित 5.73 हेक्टेयर में फैले तलाब का अवलोकन करने के लिए भी पहुंची थी जिसका कि 19 लाख 98 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति द्वारा जिर्णोधार किया गया है।

इसके साथ ही संभागायुक्त द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जरही में सूखे कचरे के कलेक्शन के लिए बैटरी चलित ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। और सिलफिली के गौठन और खड़गवाकला के रिपा सेंटर का अवलोकन भी किया। संभागायुक्त ने भ्रमण के दौरान कल्याणपुर प्री-मैट्रिक छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रावास अधीक्षक एकांत जायसवाल छात्रावास में अनुपस्थित पाए गये। संभागायुक्त ने तत्काल कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.प्रियंका वर्मा, सूरजपुर एसडीम रवि सिंह,भैयाथान एसडीएम सागर सिंह, प्रतापपुर एसडीएम दीपिका नेताम व अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## एक नजर

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आगामी 11 जुलाई 2023 को शाम 04 बजे कलेक्टर संजीव झा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जलाशयों में उपलब्ध जल की मात्रा,वर्ष 2023-24 में खरीफ एवं रबी सिंचाई का लक्ष्यए खादए बीज की उपलब्धता तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने समिति के सभी सदस्यों से उक्त बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### छुरीकला गौठान मवेशियों के देखरेख हेतु किया जा रहा फेंसिंग एवं अन्य आवश्यक सुधार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

नगर पंचायत छुरीकला क्षेत्रांतर्गत मवेशियों को मुख्य मार्गों से हटाने के लिए निकाय द्वारा आवश्यक कार्य किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत छुरीकला ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत छुरीकला क्षेत्र में निकाय द्वारा मवेशियों को सड़कों से हटाये जाने हेतु रोका.छेका की टीम गठित किया गया है। जिनके द्वारा मवेशियों को सड़क मार्ग से हटाने का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। साथ ही मुनादी के माध्यम से पशुपालकों को अपने मवेशियों को घरों में बांधकर रखने हेतु सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत छुरीकला में मवेशियों के देखरेख एवं चारे पानी की व्यवस्था हेतु गौठान संचालित है। वर्तमान में गौठान की बाउण्ड्री की तार फेसिंग एवं बॉस बल्ली को अज्ञात लोगों द्वारा चुरा लिया गया है। जिसके कारण गौठान में मवेशियों को एकत्र रखने में कठिनाई हो रही है। सीएमओ छुरीकला ने बताया कि गौठान में फेंसिंग एवं अन्य आवश्यक सुधार कार्य किया जा रहा है एवं जल्द ही शेष कार्य पूर्ण कर मवेशियों को गौठान में ही एकत्र रखा जाएगा। जिससे किसानों एवं पशुपालकों को पशुओं के कारण खेती के समय किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

### छुरीकला शहर की साफ सफाई हेतु निकाय द्वारा किया जा रहा है निरंतर कार्य

स्वच्छता दीदीयों द्वारा सभी वार्डों में जाकर किया जाता है डोर टू डोर कचरा कलेक्शन

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरीकला क्षेत्रांतर्गत शहर की साफसफाई हेतु निकाय द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत छुरीकला ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत छुरीकला क्षेत्र में स्वच्छता दीदीयों द्वारा सभी वार्डों में घूम.घूमकर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जाता है। इस हेतु निकाय के पास 04 नग मैनुअल रिक्शा एवं 07 नग ई.रिक्शा वाहन उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इन वाहनों के निरंतर संचालन के कारण वाहन में खराबी आ जाती है। जिसका निकाय द्वारा अविलंब मरम्मत कराया जाता है। ऐसी स्थिति में प्रभावित क्षेत्रों में कचरा कलेक्शन का कार्य ट्रेक्टर एवं मिनी टिप्पर के माध्यम से किया जाता है। साथ ही मुनादी के माध्यम से आमजनों को पूर्व सूचित किया जाता है।

### छुरीकला शहर की साफसफाई हेतु निकाय द्वारा किया जा रहा है निरंतर कार्य

स्वच्छता दीदीयों द्वारा सभी वार्डों में जाकर किया जाता है डोर टू डोर कचरा कलेक्शन

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरीकला क्षेत्रांतर्गत शहर की साफसफाई हेतु निकाय द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत छुरीकला ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत छुरीकला क्षेत्र में स्वच्छता दीदीयों द्वारा सभी वार्डों में घूम.घूमकर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जाता है। इस हेतु निकाय के पास 04 नग मैनुअल रिक्शा एवं 07 नग ई.रिक्शा वाहन उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इन वाहनों के निरंतर संचालन के कारण वाहन में खराबी आ जाती है। जिसका निकाय द्वारा अविलंब मरम्मत कराया जाता है। ऐसी स्थिति में प्रभावित क्षेत्रों में कचरा कलेक्शन का कार्य ट्रेक्टर एवं मिनी टिप्पर के माध्यम से किया जाता है। साथ ही मुनादी के माध्यम से आमजनों को पूर्व सूचित किया जाता है।

### 25 से अधिक संख्या में महिलाओं ने किया भाजपा प्रवेश

**कोरबा ।** आज पूरे देश में मोदी लहर चल रही है भाजपा के विकास कार्यो को देखकर बड़ी संख्या में लोग भाजपा में प्रवेश कर रहे हैं छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं साथ ही पार्टीयां अपने-अपने समर्थकों को पार्टी में प्रवेश कर आ रहे हैं। इसी कड़ी में दमाद मोहल्ला दादरखुर्द में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वैशाली रत्न पाखी के समक्ष में 25 से अधिक संख्या में महिलाओं ने भाजपा में प्रवेश किया।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

* अधिकारियों को समय सीमा में आवेदनों को निराकृत करने के दिये निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जनदर्शन के माध्यम से ग्रामीण जनों की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का आवश्यक जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज दिव्यांग हेतु आर्थिक सहायता, पानी की समस्या, मुआवजा, बंटवारा, सीमांकन, भूमि-विवाद, नामांतरण, नक्शा दुरुस्ती करण, चेक डैम निर्माण, वृद्धा पेंशन, पीडीएस भवन निर्माण, सामुदायिक वन अधिकार पत्र, गली मरम्मत एवं पानी निकासी सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त पेंशनए राजस्व संबंधी प्रकरणों का गंभीरता से लेने एवं समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।



# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ की बैठक लेने पहुंचे अनुराधा शुक्ला

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




भारतीय जनता पार्टी बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ प्रकोष्ठ की 10 जुलाई 2023 दिन सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय सक्ती में परिचयात्मक बैठक रखी गई जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रभारी अनुराधा शुक्ला एवं कार्यक्रम प्रभारी सिद्धेश्वरी सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव, जिला संयोजक राजेश चौधरी,सह संयोजक रीता पटेल ने भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। जिला प्रभारी अनुराधा शुक्ला ने कहा भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जिसने बेटी के लिए सोचा एवं बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ का गठन कर भारतवर्ष में बेटियों के लिए अनेकों योजनाएं चलाएं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ का मंडल स्तर पर गठन करे। जिन बेटियों ने 10वीं12 वीं में अच्छे अंक प्राप्त किए है। उन बेटियों का सम्मान करना है। जिससे बेटियों को प्रोत्साहन मिले है।आने वाले महीने में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करना है जिसमें राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा। मुख्य रूप से उपस्थित अनुराधा शुक्ला, सुश्री, सिदेश्वरी सिंह, किरण गवेल,मालती, योगेश्वरी चन्द्रा, सविता चौधरी, रामकुमारी नायक, कमलेश्वरी,ी सविता, कला बाई अनेकों कार्यकताओं उपस्थित थे।

# 10 माह से बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को तत्काल निराकरण किया -हीरामणी निकुंज



जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

ग्राम पंचायत कटिमा के पारा पकरीटोली गांव में विगत 10-11 माह से बिजली विलुप्त हो गयी थी। बिजली की समस्या से ग्रमीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। बिजली न होंने से बहुत सारी समस्याएं उतपन्न हो रही थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना जिला पंचायत सदस्य एवं विधुत समिति के सभापति हीरामणि निकुज को दिया गया। ततपरता दिखाते हुए तत्काल उच्च संबंधित अधिकारियों से बात करके तत्काल ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग किया गया। उनकी मांगों को तत्काल पूरा किया गया ।

कटिमा पकरीटोली पहुँच कर अपने साथियों के साथ ट्रांसफार्मर लगवाया गया। जिससे कटिमा पकरीटोली के ग्रामीणों ने हीरामणि निकुंज का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही हीरामणि निकुज ने कहा की आपलोग की जो भी समस्याएं होगी या जो समस्या आती होगी। आप मुझे उस चीजों से अवगत कराएं मैं आप सभी की के साथ हूं। सदैव आप सभी के लिए मैं खड़ी हुए तत्पर हुं। आपको बता दे कि हीरामणि निकुंज के पास जब भी बिजली की जो भी समस्याएं आती है। उससे तत्काल निराकरण करती रही है। कई गांवों में ऐसे अनेकों समस्या को दूर भी कर चुकी है। लोगो के मदद के लिए अक्सर आगे रहती है। हीरामणि निकुज। ट्रांसफार्मर लगवाते समय उनके साथी कार्यकर्ता व गांव के ग्रामीणों साथी सभी उपस्थित रहे।।

**धागाकरण कार्य से सुनिता की आर्थिक स्थिति हुई मजबूत**

# कुन्जारा में 50-60 महिलाएं समूह में सक्रिय होकर धागाकरण कार्य कर रहे

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

**सफलता की कहानी**



* कोसाफल का उपयोग कर 25-50 किलोग्राम धागा उत्पादन किया

* धागाकरण से लगभग राशि 1 लाख 7 हजार रुपये प्राप्त हुई है

जशपुर जिला टसर कोसा उत्पादन कार्य में अग्रणी जिला के नाम पर उभर कर आया है यहां प्रतिवर्ष लगभग 1 करोड़ पालित प्रजाति का कोसा उत्पादन जिले के विभिन्न क्षेत्रों के हितग्राही के द्वारा उत्पादन किया जाता है तथा ककून बैंक के माध्यम से उक्त कोसा को क्रय किया जाता है। विगत 05 वर्ष पहले जशपुर के अंतर्गत ग्राम कुन्जारा तहसील कुनकुरी में महिलाओं के उत्थान हेतु सहायक संचालक रेशम जशपुर के मार्गदर्शन पर टसर धागाकरण प्रशिक्षण इकाई स्थापित किया गया जिससे ग्राम कुन्जारा के अन्तर्गत आने वाले वनांचलों में बसे आश्रित ग्राम के महिलाओं को टसर धागाकरण प्रशिक्षण प्रदाय कर धागाकरण कार्य प्रारम्भ कराया गया जिसमें कई गरीब परिवार के महिलाऐं जो आज अपने आर्थिक स्थिति सुधार कर अपना जीवन यापन अच्छे तरीके से कर रहे है। इनके द्वारा समूह बनाकर धागाकरण कार्य किया जाता है। वर्ष 2015-16 ग्राम कुन्जारा के महिलाओं द्वारा 20-25 के संख्या में समूह का स्थापना किया। जिससे कई महिलाओं ने अपना आर्थिक स्थिति में सुधार किया इसी से रूझान होकर आज 50-60 महिलाऐं समूह में सक्रिय हैं। कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम कुंजारा निवासी सुनिता बाई जिसका आर्थिक स्थिति अति दयनीय था जिनको दो वक्त की भोजन के लिए सोचना पड़ता था। इन्होंने समूह में जुड़कर धागाकरण कार्य प्रारम्भ किया और धागाकरण कार्य से प्रभावित हुई। इसके बाद लगातार धागाकरण का कार्य करती रही और आज उसका फल उन्हें प्राप्त हो रहा है। धागाकरण कार्य से अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर अपने सपनों को साकार कर रही है, अपने एवं परिवार का पालन पोषण कर रही है। इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में 25,500 नग कोसाफल का उपयोग कर 25-50 किलोग्राम धागा उत्पादन किया। जिससे लगभग राशि 1 लाख 7 हजार 100 रूपये प्राप्त हुआ। सुनिता ने बताया कि रेशम विभाग के धागाकरण योजना से जुड़कर मेरा एंव मेरे परिवार का भलाई हो गया। जिससे छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा कर पाती हूँ



इस कार्य में मेरे पति का भी सहयोग रहा है जिन्होंने मेरे इस कार्य में हमेशा साथ दिया। उन्होंने जिला प्रशासन और रेशम विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से गरीब परिवार के महिलाओं को जोड़कर गरीबी दूर करने में अथक प्रयास किया। जिससे हम जैसे महिलाएं आत्मनिर्भर बन पा रहे हैं। रेशम विभाग के अधिकारी समय-समय पर जिला अधिकारी को मार्गदर्शन दे कर धागाकरण पर आने वाली समस्याओं को निदान कराते है।

## प्रदर्शन के बाद सालार के टीजर ने बनाया रिकॉर्ड, आदिपुरुष और केजीएफ-2 को धकेला पीछे




प्रभास की सितम्बर माह में प्रदर्शित होने वाली फिल्म सालार का टीजर दो दिन पहले जारी किया गया था। जारी होते ही टीजर ने फिल्म इंडस्ट्री में तहलका मचा डाला है। निर्देशक प्रशांत नील की फिल्म के टीजर ने रिलीज होने के महज 24 घंटे के अंदर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

इस टीजर ने प्रशांत नील की ही निर्देशित फिल्म केजीएफ-2 को पीछे छोड़ने के साथ ही प्रभास की ही आदिपुरुष को भी मात देने में सफलता प्राप्त कर ली है। टीजर ने 24 घंटे में कमाए 82 मिलियन व्यूज प्रभास और निर्देशक प्रशांत नील की अपकमिंग फिल्म सालार का टीजर गुरुवार को सुबह 5.12 मिनट पर रिलीज हुआ था। जिसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला।



## छोटा रिवीलिंग टॉप और पेंट की जिप खोलकर नेहा सिंह ने सरेआम दिखाया हुस्न

सोशल मीडिया पर अपने बोल्ड फिगर और हॉट फोटोज के कारण हमेशा सुर्खियों में रहने वाली नेहा सिंह की लेटेस्ट तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। वो हर बार अपनी सेक्सी अदाओं से लोगों को इस कदर हैरान कर देती है कि उनके हर लुक्स से फैंस की नजरें हट पाना मुश्किल हो जाता है।

हालिया तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। नेहा सिंह आए दिन अपनी बोल्ड फोटोशूट इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर सोशल मीडिया पर सनसनी मचा देती हैं। वो हर बार अपने हॉटनेस भरे अंदाज से फैंस को इस कदर कायल कर देती हैं कि लोगों की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं लेती हैं। हाल ही में नेहा सिंह ने बेहद ही सेक्सी लुक्स में हॉट तस्वीरों की इंस्टा अकाउंट पर लाइन लगा दी है। इन तस्वीरों में नेहा सिंह ने काफी रिवीलिंग छोटा सा झालर लुक में टॉप और साथ ही डेनिम जींस पहनी हुई है। नेहा सिंह ने अपनी इन फोटोज में पेंट का जिप खोलकर कैमरे के सामने सरेआम खुलकर अपना हुस्न चमकाया है। उनकी इन फोटोज में सेंशुअस अदाएं देख कर फैंस आहें भरने पर मजबूर हो गए हैं। नेहा सिंह जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर रिस्पॉन्स करते हैं। बता दें कि नेहा सिंह सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं। और आए दिन अपनी बोल्डनेस से इंटरनेट पर तहलका मचाती रहती हैं।

## मैं ऐसी भूमिकाएं चुनती हूं, जो महिलाओं का प्रतिनिधित्व करे : शहाना गोस्वामी

'रॉक ऑन!', 'मिडनाइट्स चिल्ड्रेन' और 'तू है मेरा संडे' जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी ने कहा कि उन्होंने सक्रिय रूप से ऐसी भूमिकाएं चुनी हैं जो वास्तविक महिलाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं और पारंपरिक नैरेटिव को चुनौती देती हैं। उन्होंने कहा, मैंने सक्रिय रूप से ऐसी भूमिकाएं चुनी हैं जो पारंपरिक नैरेटिव को चुनौती देती हैं, ऐसे किरदारों को चुनती हूं जो घिसी-पिटी बातों से दूर हों। मैं वास्तविक महिलाओं का प्रतिनिधित्व करना चाहती हूं, जिनसे कोई भी जुड़ सकता है। ऐसे इंडस्ट्री में जहां सोशल कनेक्शन्स और नेटवर्किं ग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, गोस्वामी ने अपने एक्टिंग को आगे बढ़ाने का फैसला किया। एक्ट्रेस नेटवर्किं ग की ट्रेडिशनल कॉन्सेप्ट के बजाय अपने एक्टिंग स्किल्स पर अधिक भरोसा करना पसंद करती है, वह इस बात पर जोर देती है कि इंडस्ट्री में क्राफ्ट हर चीज से ऊपर है। इस विषय पर विस्तार से बताते हुए, गोस्वामी ने कहा: सफलता का माप किसी के काम की गुणवत्ता में निहित है, न कि उसके संपर्को की संख्या में। अपने पूरे करियर के दौरान, मैंने पार्टी और मीटिंग्स से ज्यादा अपने काम को प्राथमिकता दी है। प्रत्येक कार्य किसी न किसी कार्य का बाय-प्रोडक्ट होता है। जब आप सेट पर पहुंचते हैं, तो आपका निर्देशक जानना चाहता है कि क्या आप पात्रों की गहरी समझ रख सकते हैं, और दर्शकों पर स्थायी प्रभाव छोड़ सकते हैं।

एक्ट्रेस को हाल ही में फिल्म 'ज्विगाटो' और वेब सीरीज 'हश-हश' में देखा गया था, वह अपकमिंग मर्डर-मिस्ट्री फिल्म 'नियत' में भी दिखाई देंगी।



## अजय देवगन के भांजे अमन की पहली फिल्म का ऐलान, रवीना की बेटी राशा बनीं जोड़ीदार



अजय देवगन एक तरफ जहां अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं, वहीं दूसरी तरफ अब उनके भांजे अमन भी फिल्मी दुनिया में पदार्पण करने को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। उनकी पहली फिल्म का ऐलान हो चुका है, जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी अभिषेक कपूर को सौंपी गई है और फिल्म में अमन की जोड़ी रवीना टंडन की बेटी राशा के साथ बनी है। आइए जानते हैं फिल्म से जुड़ीं और क्या जानकारियां सामने आई हैं।

फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा, अभिषेक कपूर एक एक्शन एडवेंचर फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं, जिसके जरिए वह अजय देवगन के भांजे अमन देवगन और रवीना की बेटी राशा थडानी को बॉलीवुड में लॉन्च करेंगे। फिल्म 9 फरवरी, 2024 को रिलीज होगी। तरण ने अपने पोस्ट में यह भी बताया कि इस फिल्म को रॉनी स्क्रूवाला, प्रज्ञा कपूर के साथ मिलकर बनाने वाले हैं। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है।

काई पो छे से अभिषेक ने जहां सुशांत सिंह राजपूत को बॉलीवुड में लॉन्च किया था, वहीं फिल्म केदारनाथ से उन्होंने सारा अली खान को मौका दिया था। अब वह अमन और राशा को इंडस्ट्री में ब्रेक देने जा रहे हैं। दोनों ने अभिनय का प्रशिक्षण भी लिया है। वे पिछले काफी समय से इस फिल्म के लिए तैयारी कर रहे थे। बताया जा रहा है कि राशा और अमन अपना एक्टिंग करियर शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

## शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की मूवी की रिलीज डेट आउट, इस दिन सिनमाघरों में देगी दस्तक



बॉलीवुड इंडस्ट्री के स्टार्स शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की अपकमिंग फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में पूरी हो गई थी और दोनों स्टार्स का फर्स्ट लुक भी सामने आ गया था। शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की साथ में पहली फिल्म की अब रिलीज डेट आउट हो गई है। हालांकि, मेकर्स ने अभी फिल्म का नाम नहीं बताया है। आइए जानते हैं कि अमित जोशी और आराधना शाह के डायरेक्शन में बनने वाली शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की फिल्म कब रिलीज होगी। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर शाहिद कपूर और कृति सेनॉन की अनटाइटिल्ड फिल्म का पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट की जानकारी दी है। ये फिल्म 7 दिसंबर, 2023 को रिलीज होगी।

## पहले दिन 72 हूरें से आगे निकली नीयत, सत्यप्रेम की कथा की हालत सुस्त



सिनेमाघरों में इस हफ्ते 2 फिल्मों ने दस्तक दी है। एक ओर विवादों में फंसी पवन मल्होत्रा और आमिर बशीर की फिल्म 72 हूरें रिलीज हुई तो इसकी टक्कर विद्या बालन की मल्टीस्टारर फिल्म नीयत से हुई। इसके अलावा सत्यप्रेम की कथा की कमाई में दिन-ब-दिन गिरावट देखने को मिल रही है, वहीं कैरी ऑन जट्टा 3 बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए हुए है। राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके निर्देशक संजय पूरन सिंह की 72 हूरें रिलीज से पहले ही विरोध का सामना कर रही है। आतंकवाद पर चोट करती इस फिल्म के निर्माताओं पर एक विशेष समुदाय की छवि खराब करने का आरोप लग रहा है। फिल्म जिहाद के रास्ते पर चलकर जन्नत में 72 हूरों के मिलने की सच्चाई बयां करती है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 35 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। विद्या काफी समय बाद नीयत के साथ बड़े पर्दे पर लौटी हैं। यह एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है, जिसमें राम कपूर, शहाना गोस्वामी, प्राजक्ता कोहली, राहुल बोस सहित कई सितारे नजर आए हैं। इस फिल्म में विद्या ने CBI अफसर का किरदार निभाया है, जो पार्टी में हुए मर्डर के बाद कातिल को ढूंढने का काम करती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 1 करोड़ के साथ अपनी शुरुआत कर 72 हूरें को पीछे छोड़ दिया है। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की जोड़ी भूल भुलैया 2 के बाद एक बार फिर सत्यप्रेम की कथा में साथ नजर आई है।

# खेल




## लक्ष्य सेन ने कनाडा ओपन जीता

### 67 साल पुरानी चैम्पियनशिप जीतने वाले दूसरे भारतीय

*कैल्गरी। लक्ष्य सेन ने कनाडा ओपन में मेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। लक्ष्य ने देर रात कैल्गरी में हुए फाइनल में ऑल इंग्लैंड चैम्पियन चीन के ली शी फैंग को हराया। कांटे की टक्कर में भारत के युवा शटलर को 21-18, 22-20 से जीत मिली। यह उनका साल 2023 का पहला ही खिताब है।*

विमेंस सिंगल्स में जापान की अकाने यामागुची चैम्पियन बनीं। उन्होंने देर रात हुए फाइनल में थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन को 21-19, 21-16 से हराया। यामागुची ने सेमीफाइनल में भारत की पीवी सिंधु को हराया था।

#### क्वार्टर फाइनल में करनी पड़ी थी मशक्कत

चीन के फैंग के खिलाफ लक्ष्य का फाइनल बेहद रोमांचक रहा। लक्ष्य ने लगातार अटैक करना जारी रखा और फाइनल 21-18, 22-20 के अंतर से जीत लिया। लक्ष्य सेन को चैम्पियनशिप में सबसे ज्यादा मेहनत क्वार्टर फाइनल में करनी पड़ी, जहां बेल्जियम के जूलियन करागी के खिलाफ 57 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 3 गेम खेलने के बाद जीत मिली। लक्ष्य ने ये मुकाबला 21-8, 17-21 और 21-10 के अंतर से जीता था। उन्होंने फर्स्ट और सेकेंड राउंड के मुकाबले 31 और 38 मिनट के अंदर 2 ही गेम में जीत लिए थे। सेन ने सेमीफाइनल में जापान केंता निशिमोटो को 21-17, 21-14 के अंतर से 44 मिनट में ही हरा दिया था।

#### करियर का चौथा सिंगल्स खिताब जीता

*21 साल के लक्ष्य यूथ बैडमिंटन की बॉय्ज सिंगल्स कैटेगरी में एक गोल्ड, एक सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज जीत चुके हैं। सीनियर कैटेगरी में खेलना शुरू करने के बाद 2019 में उन्होंने डच ओपन का खिताब जीता। 2019 में ही लक्ष्य ने सारलॉरलक्स ओपन चैंपियनशिप भी जीता। 2022 से लक्ष्य का गोल्डन ईयर शुरू हुआ। यहां उन्होंने इंडिया ओपन जीता और भारत के लिए टीम चैम्पियनशिप में थॉमस कप और कॉमनवेल्थ गेम्स का गोल्ड मेडल अपने नाम किया। 2022 में ही लक्ष्य जर्मन ओपन और ऑल इंग्लैंड ओपन में रनर-अप रहे और 2023 में कनाडा ओपन जीतकर अपना चौथा मेंस सिंगल्स टाइटल जीत लिया।*

#### कनाडा ओपन जीतने वाले दूसरे भारतीय

1957 से खेली जा रही कनाडा ओपन चैम्पियनशिप में मेंस सिंगल्स का खिताब जीतने वाले लक्ष्य दूसरे ही भारतीय बने। उनसे पहले 2016 में बी साई प्रणित ने मेंस सिंगल्स का खिताब जीता था। 2016 में ही मेंस डबल्स में मनु अत्री और बी सुमित रेड्डी की जोड़ी ने भी खिताब जीता था। 2015 में विमेंस डबल्स में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने खिताब जीता था।

## स्वियातेक और पेगुला पहली बार विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में, अजारेन्का उलटफेर की शिकार

### जेंटलमैन कैटेगरी से रूबलेव-सिनर भी टॉप-8 में



**लंदन।** टॉप सीड इगा स्वियातेक और चौथी सीड जेसिका पेगुला ने साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जबकि 19वीं सीड बेलारुसी खिलाड़ी विक्टोरिया अजारेन्का उलटफेर की शिकार हो गईं। जेंटलमैन कैटेगरी से आंद्रेई रूबलेव और जैनिक सिनर टॉप-8 में प्रवेश कर गए।

लंदन में चल रहे दुनिया में टेनिस के सबसे पुराने टूर्नामेंट के 7वें दिन रविवार को 22 साल की पोलिश स्टार स्वयातेक ने स्विट्जरलैंड की ब्लिंडा बेनसिच के खिलाफ पहला सेट 6-7 से हारने के बाद अगले दो सेट 7-6, 6-3 से अपने नाम किए और टॉप-8 में प्रवेश किया। 29 साल की अमेरिकी टेनिस स्टार पेगुला ने यूक्रेन की लेसिया सुरेंको को 6-1, 6-3 से हराया। कोर्ट नंबर-1 पर यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 2012 और 2013 की ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेन्का को 2-6, 6-4, 7-6 से हराया। आखिरी सेट टाई ब्रेकर तक गया। जिसे यूक्रेनी स्टार ने 11-9 से अपने नाम किया। कोर्ट नंबर-1 पर मुकाबले के दौरान संघर्ष करतीं बेलारूस की विक्टोरिया अजारेन्का। उन्हें चौथे दौर में 6-2, 4-6, 6-7 की पराजय झेलनी पड़ी। अजारेन्का 2012 और 2013 में ऑस्ट्रेलिया ओपन जीत चुकी हैं। कोर्ट नंबर-1 पर मुकाबले के दौरान संघर्ष करतीं बेलारूस की विक्टोरिया अजारेन्का।

### द ऐशेज में इंग्लैंड की वापसी

## ऑस्ट्रेलिया को 3 विकेट से हराया, स्कोर 1-2 हुआ

### ब्रुक सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले बैटर




**लीड्स।** मेजबान इंग्लैंड ने द ऐशेज सीरीज में वापसी के संकेत दिए हैं, हालांकि इंग्लिश टीम अब भी 1-2 से पीछे चल रही है। अंग्रेजों ने रविवार को समाप्त हुए तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 3 विकेट से हराया। सीरीज का चौथा मुकाबला 19 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। इस मैच में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना। इंग्लिश बैटर हैरी ब्रूक टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले बैटर बने। लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर टीम को चौथे दिन जीत के लिए 224 रन बनाने थे, जो टीम ने टी-ब्रेक से पहले 7 विकेट खोकर पर बना डाले। तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स 32 और मार्क वुड 16 रन पर नाबाद लौटे। दूसरी पारी में इंग्लिश टीम की ओर से ओपनर जैक क्रॉले ने 44 और हैरी ब्रुक्स ने 75 रन की पारियां खेलीं। क्रिस वोक्स ने नाबाद 32, बेन डकेट ने 23 और जो रूट ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से मिचेल स्टार्क ने 5 विकेट चटकाए। पैट कमिंस और मिचेल मार्श ने एक-एक विकेट लिए।

### एक नजर

## श्रीलंका ने जीता सीडब्ल्यूसी क्वालिफायर

### *फाइनल में नीदरलैंड को 128 रन से हराया, तीक्षणा को 3 विकेट; सीन विलियम्स प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट*



**हरारे।** श्रीलंका ने वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर 2023 जीत लिया है। टीम ने फाइनल मुकाबले में नीदरलैंड को 128 रनों से हराया, हालांकि, 1996 की चैंपियन श्रीलंका ने पहले ही वर्ल्ड कप का टिकट हासिल कर लिया है। इस जीत के हीरो महीश तीक्षणा रहे। उन्होंने 18 रन देकर 3 विकेट झटके। तीक्षणा मैन ऑफ द मैच रहे, जबकि 600 रन के साथ 3 विकेट लेने वाले सीन विलियम्स प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट रहे।

हरारे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को नीदरलैंड ने टॉस जीता और श्रीलंकाई टीम को बल्लेबाजी का न्योता दिया। टॉस हार पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 233 रन बनाए। 234 रनों का टारगेट चेज करते हुए नीदरलैंड 105 रन पर ही सिमट गई। आगे विस्तृत मैच रिपोर्ट...

#### खराब रही श्रीलंका की शुरुआत

श्रीलंकाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 39 रन पर अपना पहला विकेट गंवाया। ओपनर सदीरा समरविक्रमा 23 गेंदों पर 19 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद दूसरे ओपनर पथुम निसांका भी 44 रन के टीम स्कोर पर पवेलियन लौट गए।

## भारतीय विमेंस टीम की आसान जीत

### पहले टी-20 में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया, हरमनप्रीत की कप्तानी पारी




**ढाका।** भारतीय विमेंस टीम ने बांग्लादेश दौरे का जीत से आगाज किया है। तीन टी-20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भारत ने मेजबान टीम को 7 विकेट से हराया। बांग्लादेश ने टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 114 रन बनाए। शोरना अख्तर ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए। भारत के लिए पूजा वस्त्रकार, मिन्नू मणि और शेफाली वर्मा ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में भारत ने 16.2 ओवर में तीन विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नाबाद 54 रन की पारी खेली। स्मृति मंधाना ने 38 रन बनाए। दूसरा टी-20 मैच 11 जुलाई को मीरपुर में ही खेला जाएगा।

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़, मंगलवार 11 जुलाई 2023

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्रवेशोत्सव में शामिल हुए विधायक एवं कलेक्टर

## सरस्वती साइकिल योजना के तहत बालिकाओं को दी गई साइकल, खिले चेहरे







जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

सारंगढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े ने आज सभी विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा की शुभकामनाएं देते हुए अंग्रेजी माध्यम स्कूल का महत्व बताया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के होने से छोटे-छोटे गांव तक अब बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की उत्कृष्ट पढ़ाई आसानी से उपलब्ध हो रही है। अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई के लिए अब दूर शहर का सफर तय करना नहीं पड़ता। इसके पश्चात् कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने सभी बच्चों की हौसला अफ्जाई करते हुए बेहतर शिक्षा पाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कक्षा ग्यारहवीं 11वीं के छात्र साहिल ने अंग्रेजी में इस उत्सव के बारे में बताया। इसके अलावा उपस्थित बच्चों ने कलेक्टर के द्वारा पूछे गये सवालों का तत्परता से जवाब दिया। तदुपरान्त कलेक्टर ने शिक्षा की महत्ता को बताते हुए बच्चों से उनके फ्यूचर प्लान के बारे में भी पूछा। कार्यक्रम के दौरान स्कूल से बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही हाई स्कूल की छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत साइकिल वितरित की गई। जिन छात्राओं को पारिवारिक परिस्थितिवश सायकल खरीदने में कठिनाईयां महसूस होती थी। नि:शुल्क सरस्वती साइकिल मिलने से अपनी खुशी का इजहार करते हुए बालिकाओं ने मुख्यमंत्री एवं शासन-प्रशासन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिक गोल्डी नायक, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र उपस्थित रहे।

### पौधा तुंहर द्वार योजना का किया गया शुभारम्भ

पर्यावरण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से विधायक जांगड़े एवं कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने सारंगढ़ स्थित आत्मानंद स्कूल परिसर में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पौधा तुंहर द्वार योजना के तहत पौधा वितरण के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में स्वच्छ वातावरण तथा वृक्षारोपण के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य, तुंहर पौधा तुंहर द्वार कार्यक्रम के तहत वन विभाग लोगों को नि:शुल्क पौधे वितरित करेगा, ताकि क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा मिल सके। इस योजना के तहत् 6 जुलाई से आगामी 5 अगस्त तक वाहन द्वारा प्रति शनिवार और रविवार को विभिन्न प्रजाति, जैसे बांस, कटहल, महुआ, अर्जुन, कहुआ, जामुन, अमरूद, करंज, बहेड़ा, नीम, आंवला, कचनार, इमली, कुसुम, सीताफल व अन्य प्रजातियों के पौधे नि:शुल्क प्रदान किये जा रहे हैं।

एक नजर

# स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने की नव पदस्थ सीएमएचओ से सौजन्य मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला ईकाई बीजापुर के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय रामटेके से उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। सर्वप्रथम संघ की ओर से पुष्पगुच्छ देकर सर का अभिवादन किया गया। जिलाध्यक्ष सदाशिव दुर्गम ने संघ की बहु प्रतीक्षित मांगों जिसमे समस्त कर्मचारियों के समयमान वेतनमान प्रदाय करने एवम विगत 12 वर्षो से लंबित चतुर्थ वर्ग कर्मचारियो की पदोन्नति प्रक्रिया पर डॉ रामटेके का ध्यानाकर्षण कर कराया। जिस पर त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन सीएमएचओ ने दिया। नव पदस्थ सीएमएचओ ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार करने की बात करते हुए, मिल जुलकर कार्य करने की बात कही। भविष्य में कर्मचारियों की जिला स्तर की किसी भी प्रकार की समस्या का संघ के माध्यम से सूचना मिलने पर समाधान करने का प्रयास करने की बात करते हुए संघ के समस्त प्रधिनिधियो का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सदाशिव दुर्गम के साथ, पी शरद, अर्जुन, मुकेश, लोकेश, सोमलु, लक्ष्मण, नंदू, शरण, अनिल, पदमनाथ, सुखदास, दिलीप, यामिनी, भोजराज, प्रमोद, ममता एवम रोशनी आदि उपस्थित रहे।

# जिले में 01 जून से अब 261.5 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 261.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 10 जुलाई तक औसत वर्षा 251.6 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 2.2 मिमी वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 263.9 मिमी, मनोरा में 318.4 मिमी, कुनकुरी में 314.7 मिमी, दुलदुला में 260.7 मिमी, फरसाबहार में 145.7 मिमी, बगीचा में 323.0 मिमी, कांसाबेल में 130.3 मिमी, पत्थलगांव में 267.9 मिमी एवं सन्ना में 329.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा सन्ना तहसील में दर्ज की गई है।

# राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के लिए 05 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण द्वारा राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2023 के लिए नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के लिए नामांकन आवेदन वांछित अभिलेखों के साथ 05 अक्टूबर 2023 तक कार्यालय जिला महिला एवं बाल विकास जशपुर को प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन का प्रारूप बाल न्यायालय परिषद, भागलपुर रोड, रणजीता स्टेडियम के पीछे, जिला बाल संरक्षण अधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है। इस योजना में 6 वर्ष से 18 वर्ष के बालक एवं बालिका ही आवेदन कर सकते हैं। जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना, दूसरे की जान बचाने के लिए वीरता का कार्य किया गया हो। शौर्य कार्य 1 जुलाई 2022 से 30 सितम्बर 2023 के मध्य का होना अनिवार्य है। आवेदक को आवेदन के साथ एफ.आई.आर.अथवा पुलिस डायरी, समाचार पत्रों, 6 पासपोर्ट साइज के वर्तमान रंगीन फोटो जो कि सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित हो, संलग्न करना होगा। साथ ही घटना का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी के द्वारा सत्यापित किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि आवेदकों को आईसीसीडब्ल्यू भारत अवार्ड के लिए 1 लाख, अवार्ड, मार्केण्डय अवार्ड, श्रवण अवार्ड, प्रहलाद अवार्ड, एकलव्य अवार्ड तथा अभिमन्यु अवार्ड के लिए 75 हजार तथा जनरल अवार्ड के लिए 40 हजार रुपए की राशि देने का प्रावधान है।

# मां बंजारी धाम शिव मंदिर में जलाभिषेक हेतु उमड़ा जनसैलाब

जोहार छत्तीसगढ़-तमनार।



मां बंजारी धाम तराईमाल में पहला सावन सोमवार हेतु हजारों कांवरियों भक्तजनों द्वारा मनोकामना जलाभिषेक हेतु मालेश्वर तालाब तराईमाल से पदयात्रा कर मां बंजारी धाम तराईमाल स्थित श्री शिव मंदिर में जलाभिषेक किया गया। सर्वप्रथम पंडितों द्वारा विधिविधान के साथ पूजा अर्चना मां बंजारी धाम समिति सदस्य सेवको, विभिन्न प्रतिष्ठान के सेवकों एवं हजारों माता बहनों नन्ने मुन्ने बच्चे सियान सज्जनों द्वारा सरोवर में जलदेव की पूजा अर्चना के बाद माँ बंजारी मंदिर प्रांगण में श्री शिव मंदिर में जलाभिषेक किया गया। हजारो कांवरियों शिव भक्तों द्वारा आस्था श्रद्धा भक्तिभाव से मनोकामना फल बेलपत्र पुष्प दूध गंगा जल कांवर में लेकर गाजे बाजे डी जे साउंड के साथ नाचते गाते जयकारा बोल बम नम: शिवाय हर हर महादेव उद्घोष के साथ प्रात: 5 बजे जलाभिषेक पदयात्रा निकाली गई। शिवभक्त कांवरियो केलो बनांचल लैलूंगा बनांचल तमनार, धौराभाठा घरघोड़ा कुरकुट डेम क्षेत्र राबो सराईपाली तराईमाल गेरवानी लाखा केलो डेम क्षेत्र से मनोकामना जलाभिषेक हेतु आगंतुक कांवरियों श्रद्धालु भक्तजनों को सुव्यवस्था के साथ पूजा अर्चना कराकर प्रसाद खिलाया गया।

# लम्बित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी

* संभागीय कोष एवं लेखा-पेंशन कार्यालय में कर सकते हैं सम्पर्क

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ नवा रायपुर के निर्देशानुसार सयुंक्त संचालक कोष एवं लेखा.पेंशन बस्तर संभाग द्वारा बस्तर संभाग के सभी जिलों के लम्बित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए हेल्पलाइन नंबर 07782.226290 जारी किया गया है। इसके साथ ही ऐसे लम्बित पेंशन प्रकरणों के नियत समयावधि में निराकरण के लिए संभागीय कोष,लेखा एवं पेंशन कार्यालय जगदलपुर में कार्यालयीन दिवस पर सम्पर्क किये जाने कहा गया है। सयुंक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन बस्तर संभाग धीरज नशीने ने इस बारे में समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा जो आगामी माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों से अपील की है कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण में कोई समस्या आने पर या असंतुष्टि की स्थिति में कार्यालयीन दिवस में उनके कार्यालय में कार्यालयीन दिवस सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से संध्या 5 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं साथ ही उपरोक्त हेल्पलाईन नंबर से भी अपनी समस्या से अवगत करवा सकते हैं। संभागीय कार्यालय में उनकी अनुपस्थिति या भ्रमण पर होने के दौरान उपसंचालक भारती कोर्राम कश्यप से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा वे अपनी समस्या का आवेदन उपरोक्त वाट्सअप नंबर 93292.82405 या ई.मेल आईडी में भी प्रेषित कर सकते हैं। संयुक्त संचालक नशीने द्वारा संभाग के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से भी आग्रह किया गया है कि लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण शासन की मंशानुसार समयावधि में अतिसंवेदनशीलता से करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या से इस कार्यालय को शीघ्र अवगत कराया जाये। उन्होंने बताया कि आगामी 15 जुलाई 2023 के पश्चात् संभाग के सभी जिले में विशेष पेंशन शिविर तथा आहरण संवितरण अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जो प्रत्येक जिले में चरणबद्ध ढंग से एक माह की समयावधि में होगी। इस दौरान लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी।

# ऐतिहासिक शिव मंदिर चराईडांड़ में लगी शिव भक्तों का भीड़

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।



चराईडांड़ शिव मंदिर में सावन माह के प्रथम सोमवार को शिव भक्तों का भीड़ देखने को मिला सुबह से ही आज शिव मंदिर चराईडांड़ में भक्तों का आना जाना शुरू हो गया था। देखते ही देखते इतना भीड़ बढ़ गया कि भक्तों को लाईन लगा कर भोले नाथ का दर्शन करना पड़ा। शिव मंदिर चराईडांड़ में वैसे तो हर वर्ष सावन सोमवार को भीड़ लगता है। लेकिन अक्सर आखरी सोमवार को ऐसा भीड़ देखने को मिलते हैं किन्तु इस वर्ष प्रथम सोमवार से ही भक्तों का भीड़ देखने को मिली जशपुर राजपरिवार के कुमार आर्य प्रताप सिंह जूदेव शिव मंदिर चराईडांड़ में भगवान शिव जी का पूजन अर्चन कर क्षेत्र वासियों के खुशहाली के लिए मंगल कामना किये और सभी भक्तो से सौजन्य भेंट मुलाकात भी किये मंदिर परिसर के साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्था के सम्बन्ध में शिव मंदिर चराईडांड़ के पंडित पारशनाथ मिश्रा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि दर्शन करने आने वाले भक्तों के लिए सभी व्यवस्था दुरूस्त कर लिया गया है।

# छत्तीसगढ़ी के लिए छठे चरण का पदयात्रा सम्पन्न

## जांजगीर से चाम्पा तक चले दर्जनों पदयात्री




जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

छत्तीसगढ़ी भाषा को पहिली से दसवीं तक विषय पांचवीं तक माध्यम,राजकाज-कामकाज की भाषा बनाने एवं जनगणना एवं मातृभाषा के कालम में लिखवाने के लिए मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच द्वारा जांजगीर से चाम्पा तक पदयात्रा किया गया। यात्रा दीवान होटल कचहरी चौक जांजगीर से सुबह दस बजे प्रारंभ हुआ जहां अंजु दीवान के द्वारा अपने टीम के साथ पदयात्रिओं का स्वागत किया गया एवं शाम 5 बजे चाम्पा के परशुराम चौक पर समापन हुआ जहां चांपावासियों द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया। यात्रा में प्राचार्य मनोज पांडे समेत चार स्कूलों के प्राचार्य, रायपुर से सालिक राम ओझा, बिलासपुर से

**छत्तीसगढ़ियावाद की बात करने वाली सरकार छत्तीसगढ़ी पर चुप क्यों- पदयात्री ठा.शैलु छत्तीसगढ़िया**

मातृभाषा विशेषज्ञ नंदकिशोर शुक्ल, जांजगीर से विष्णु यादव, रामपाल कश्यप, संजय सुर्यवंशी, आरुष यादव, भोला मरावी, दीदी अंजु दीवान समेत करीब 20 यात्रियों ने पदयात्रा किया। पदयात्री ठा.शैलु छत्तीसगढ़िया ने बताया कि इस दौरान हमने सैकड़ों लोगों को मातृभाषा के प्रति जागरुक किया। वही लम्बे समय से छत्तीसगढ़ी के लिए जुझ रहे नंदकिशोर शुक्ल ने बताया कि छत्तीसगढ़िया समाज द्वारा कोर्ट से लेकर सड़क की लड़ाई लड़ी जा रही है लेकिन ये दु:खद है कि सरकार हमारी वाजिब मांगो की अनदेखी कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि यदि हमारी मांग पुरी नहीं हुई तो हमारा सातवां एवं आठवां चरण का पदयात्रा क्रमश: कवर्धा एवं बलौदा बाजार जिले में भी करेंगे।

# ललित की पढ़ाई होगी अब आसान, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने दिया टेबलेट

## टीसी, अंक सूची प्रदान करने से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से करें निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**विकासखंड खरसिया के ग्राम-तुरेकेला निवासी दिव्यांग ललित साहू अपनी आगे की पढ़ाई में सहायता हेतु टेबलेट की मांग को लेकर आज जनचौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे शत-प्रतिशत दृष्टि बाधित है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने ललित को मौके पर जनचौपाल में टेबलेट प्रदान किया और कहा कि अच्छे से पढ़ाई करो।**



टेबलेट पाकर ललित ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि टेबलेट के माध्यम से वे अच्छे से पढ़ाई कर पायेंगे। उन्होंने कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुराना सदर बाजार निवासी धर्मेंद्र अग्रवाल अपनी बेटी की अंक सूची एवं टीसी के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी अतरमुड़ा के निजी स्कूल से 8वीं उत्तीर्ण हो चुकी हैं। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे फीस नहीं जमा नहीं कर पाए। वही प्रमाण पत्र के अभाव में अब उनकी पुत्री आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रही हैं। उन्होंने अंक सूची एवं टीसी प्रदान करवाने हेतु निवेदन किया। इसी प्रकार उर्दना निवासी शशिकांत मिंज अपने दोनों बेटों के टीसी के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके दोनों बेटे निजी स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे, अब वे उन्हें गांव के शासकीय स्कूल में भर्ती करवाना चाहते है। लेकिन टीसी के अभाव में एडमिशन में दिक्कत हो रही हैं। उन्होंने टीसी प्रदान करवाने के लिए निवेदन किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने डीईओ को आवेदन के निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान में एडमिशन प्रक्रिया चल रही हैं। अत: टीसी, अंक सूची से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता से निराकरण करें।

इसी प्रकार जनचौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, वनअधिकार पत्र, पेंशन, श्रम, राशन आदि से संबंधित कुल 112 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने जिला स्तरीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। इसी क्रम में विकास खंड पुसौर के ग्राम छपोरा निवासी श्री घसिया राम ट्रायसाइकल की मांग लेकर जन चौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि शारीरिक रूप से दिव्यांग होने के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से ट्रायसाइकिल की मांग की। कलेक्टर सिन्हा ने समाज कल्याण को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार रामगुड़ी पारा निवासी कृष्ण गोपाल केशरवानी अपने पुत्र के ईलाज के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र काफी दिनों से बीमार हैं। स्थानीय स्तर पर प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवाया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हैं एवं डॉक्टरों ने उनके पुत्र का इलाज अन्य अस्पताल में करवाने की सलाह दी हैं। उन्होंने अपने पुत्र के इलाज के लिए आर्थिक मदद का निवेदन किया। आवेदन पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने सीएमएचओ को इलाज के संबंध में निर्देशित किया।

तहसील पुसौर निवासी भ्रमर झारा अति वृष्टि फलस्वरूप मकान ढहने से मुआवजा के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वे अत्यंत गरीब हैं एवं मकान ढहने से रहने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। उन्होंने आर्थिक सहायता की मांग की। आवेदन पर कलेक्टर सिन्हा ने तहसीलदार पुसौर को नियमानुसार जांच कर आवेदन का निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील लैलूंगा के ग्राम भेड़ीमुड़ा निवासी हेमचंद सिदार लोन के संबंध में आवेदन लेकर जन चौपाल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे काष्ठ कला से संबंधित कार्य जानते हैं एवं काष्ठ कला का व्यवसाय प्रारंभ कर जीवन-यापन करना चाहते हैं। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से लोन प्रदान करने का आग्रह किया। कलेक्टर सिन्हा ने लीड बैंक मैनेजर को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए।

# वैधव्य मुक्त भारत अभियान की राष्ट्रीय संयोजक बरखा लकड़ा को मिला स्नेह स्मृति सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-रांची।

सावित्री बाई सेवा फाउंडेशन, पुणे और महात्मा फ ुले समाज सेवा मंडल, सोलापुर सहित अनेक संस्थाओं द्वारा गठित वैधव्य मुक्त भारत अभियान की राष्ट्रीय संयोजक और प्रखर पत्रकार बरखा लकड़ा को विकासोन्मुख सामाजिक कृतित्व के लिए स्नेह स्मृति सम्मान से नवाजा गया। बरखा को यह सम्मान प्रसिद्ध दिवंगत समाज सेविका स्नेह की स्मृति में दिया गया। बरखा को सम्मान स्वरूप सम्मानजनक प्रोत्साहन राशि के साथ प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रसिद्ध समाज सेविका स्मृति की याद में रांची में आयोजित एक समारोह में बरखा लकड़ा को स्नेह स्मृति सम्मान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद संजय सेठ और साहित्य अकादमी के महादेव टोप्पो ने दिया। इस मौके पर चर्चित साहित्यकार और आलोचक रवि भूषण और वरिष्ठ साहित्यकार शंभू बादल, स्नेह स्मृति न्यास के अध्यक्ष विद्या भूषण, न्यास की समन्वयक सुनीता कुमार सहित झारखंड की राजधानी के अनेक गणमान्य लोग, पत्रकार और समाज कर्मी भी मौजूद थे। सम्मान प्राप्ति के बाद आयोजकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए बरखा लकड़ा ने दिवंगत समाज सेविका स्नेह को श्रद्धांजलि अर्पित की और आयोजकों के प्रति कृतज्ञता जताई। साथ में उन्होंने यह स्वीकार किया कि इस सम्मान से उनका हौसला बढ़ा है। समाज और देश के प्रति उनकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है।




उन्होंने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में जो बदलाव आते हैं वे सतह पर दिख जाते हैं लेकिन सामाजिक स्तर पर होने वाले बदलाव समाज की तहों में अपनी गति से होते रहते हैं जो तुरंत नही दिखते, उन्होंने अपने संकल्पों को दोहराते हुए कहा कि मैं पूर्ण समर्पण के साथ विकासोन्मुखी सामाजिक बदलाव के लिए निरंतर सक्रिय बनी रहूंगी। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासियों की संस्कृति को कमतर नहीं समझें क्योंकि वह प्राकृतिक और महान है, उसके महत्व को समझने और उजागर करते रहने की जरूरत है। बरखा लकड़ा अभी हाल ही में दिल्ली में विश्व विधवा दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय विमर्श कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों द्वारा वैधव्य मुक्त भारत अभियान की राष्ट्रीय संयोजक चुनी गई हैं। रांची, झारखंड की निवासी बरखा लकड़ा आदिवासी समुदाय की एक सशक्त महिला हैं। बरखा लकड़ा पिछले दो दशकों से पत्रकारिता के जरिए आदिवासियों के हक में निरंतर आवाज बुलंद करती रही हैं। इसी के साथ वे समाज सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। बरखा आदिवासियों की पारंपरिक शासन व्यवस्था पर शोध और निरंतर लेखन कर रही हैं। देश भर में जहां जहां आदिवासी रहते हैं, वहां का दौरा करना और उन को जागरूक करने का काम बरखा लकड़ा की प्राथमिकता में रही है। सामाजिक समस्याओं के सेमिनारों में भाग लेने के विभिन्न देशों की यात्रा भी कर चुकी हैं। बरखा लकड़ा को अब तक पत्रकारिता और समाज सेवा के लिए विष्णु प्रभाकर राष्ट्रीय सम्मान, महिला नमन सम्मान, तिलकामांझी राष्ट्रीय सम्मान, सोसाइटी ऑफ ऑनर सम्मान और भारतीय महिला शक्ति सम्मान मिल चुका है। इसके अलावा उन्हें पैनोस मीडिया फैलोशिप, मानवाधिकार शिक्षा फैलोशिप, एक्शन एड इंडिया फैलोशिप मिल चुका है। बरखा को स्नेह स्मृति सम्मान मिलने पर लोग बधाइयां दे रहे हैं।

## एक नजर

### समकेरा में विद्यार्थी किसान हो रहे परेशान, पटवारी पदस्थ करने तहसीलदार को दिया आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-तमनार।



ग्राम पंचायत समकेरा प.ह. नं. 25 में विद्यार्थी किसानों को पटवारी उपलब्ध नहीं होने से आय जाति निवास बी1 खसरा अन्य राजस्व सम्बन्धी प्रमाण पत्र बनवाने हेतु परेशानी हो रही है पटवारी का हल्का नंबर में रहना आवश्यक हो गया है। जो कि वर्तमान में पटवारी हरिशंकर समकेरा मे कभी नहीं आते हैं। जिससे विद्यार्थियों को स्कूलों मे भती होने के लिए जाति निवास, आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रहा है जिसके लिए भटकना पड़ रहा है। तथा किसानो को भी बी 1 खसरा अन्य राजस्व मामले में भी भटकना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत समकेरा प. नं. 25 हेतु अलग पटवारी पदस्थ करने ग्राम पंचायत समकेरा सरपंच जानकी राठिया द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है।

### दिशा समिति की बैठक 12 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ;दिशाद्ध की बैठक 12 जुलाई 2023 को प्रात: 11 बजे निर्धारित की गई है। उक्त बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा के सांसद गुहाराम अजगले के द्वारा की जाएगी।

### जनचौपाल में जिले के आमजनों की समस्याओं और मांगों से रू ब रू हुईं कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



कलेक्टर डॉ फ रिहा आलम सिद्दीकी ने आज जनचौपाल के माध्यम से लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जनदर्शन में गंभीर बीमारी के इलाज में सहायता हेतु आए हितग्राहियों के आवेदन पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को सूचित कर निराकरण करने के निर्देश दिए। आज के जनचौपाल में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें आवास, वन अधिकार पट्टा, विकलांग पेंशन, अवैध निर्माण, राशन कार्ड, आधार कार्ड में सुधार, राजीव गांधी भूमिहीन न्याय योजना, जलभराव समस्या, मछली पालन हेतु अनुमति, मनरेगा स्वीकृति, संपत्ति बंटवारा, मुआवजा की राशि दिलाने सहित विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने आवेदनों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

## 10 माह से बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को तत्काल निराकरण किया -हीरामणी निकुंज

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



ग्राम पंचायत कटिमा के पारा पकरीटोली गांव में विगत 10-11 माह से बिजली विलुप्त हो गयी थी। बिजली की समस्या से ग्रमीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। बिजली न होंने से बहुत सारी समस्याएं उतपन्न हो रही थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना जिला पंचायत सदस्य एवं विधुत समिति के सभापति हीरामणि निकुज को दिया गया। ततपरता दिखाते हुए तत्काल उच्च संबंधित अधिकारियों से बात करके तत्काल ट्रांसफ र्मर लगवाने की मांग किया गया। उनकी मांगों को तत्काल पूरा किया गया। कटिमा पकरीटोली पहुँच कर अपने साथियों के साथ ट्रांसफ र्मर लगवाया गया। जिससे कटिमा पकरीटोली के ग्रामीणों ने हीरामणि निकुंज का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही हीरामणि निकुज ने कहा की आपलोग की जो भी समस्याएं होगी या जो समस्या आती होगी। आप मुझे उस चीजों से अवगत कराएं मैं आप सभी की के साथ हूं। सदैव आप सभी के लिए मैं खड़ी हुए तत्पर हुं। आपको बता दे कि हीरामणि निकुंज के पास जब भी बिजली की जो भी समस्याएं आती है। उससे तत्काल निराकरण करती रही है। कई गांवों में ऐसे अनेकों समस्या को दूर भी कर चुकी है। लोगो के मदद के लिए अक्सर आगे रहती है। हीरामणि निकुज। ट्रांसफ र्मर लगवाते समय उनके साथी कार्यकर्ता व गांव के ग्रामीणों साथी सभी उपस्थित रहे।।



## तखतपुर क्षेत्र में कपंनी के अत्याचार के खिलाफ एकजुट हुए दर्जनों गांव

### छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने दिया समर्थन

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।




कृषि प्रधान क्षेत्र तखतपुर में खुले इस्पात, आयरन कंपनी से हो रहे पर्यावरण, जल संकट, कृषि ह्मास के खिलाफ क्षेत्र के ग्रामीण लाभ बंद होने लगे है और इसी सिलसिले में मेसर्स फि ल इस्पात कम्पनी के संयंत्र विस्तार नीति के विरोध में डिघोरा, मेड़पार, खरखेना, सकरीभांवर, बुटेना समेत दर्जनों गांव के लोगों एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना का बैठक आज ग्राम डिघोरा में हुआ और सभी ने एक स्वर में अपने हक अधिकार और अत्याचार, शोषण के खिलाफ लड़ने के लिए बात कही। ग्रामीणों का कहना है कि इस कंपनी के कारण हमारे गांवों में जल संकट गहराने लगा है, प्रदुषण के कारण हमारा खेती भी प्रभावित हो रहा है। इसके खिलाफ हम मुखर है और अगर शासन प्रशासन हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया तो कानूनी लड़ाई के साथ ही एक महाआंदोलन करने के लिए हम बाध्य होंगे। वही छत्तीसगढ़िया हक अधिकार के लिए लड़ रहें संगठन क्रांति सेना ने कहा कि इस वाजिब लड़ाई में हमारा संगठन का समर्थन है और जरुरत पड़ा तो अपने तेवर में जबड़ लाठी रैली करेंगे जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा। इस अवसर पर सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद को लेकर जानलेवा हमला करने वाले 8 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

ग्राम तुलसी निवासी हुबलाल सिंह ने चौकी लटोरी में लिखित आवेदन दिया कि 08 जुलाई 23 को आरआई व पटवारी के द्वारा इसके ग्राम तुलसी स्थित भूमि का सीमांकन इसके परिजनए सरपंच व ग्रामीणजन के मौजूदगी में भूमि का सीमाकन किया जा रहा था उसी दौरान गांव के पारसराम, जोखू प्रसाद, रामकरण, जीतू, प्रेमचंद, रामचरण, टेवन साय, हीरालाल के एक राय होकर जमीन हमारा है कहकर विवाद करते हुए जान से मारने की नियत से रामायण सिंह को हाथ मुक्का, लाठी-डण्डा से मारपीट कर प्राणघातक चोट पहुंचाए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 147, 148, 149, 294, 506, 307 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। जमीन संबंधी मामले को



गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश चौकी प्रभारी लटोरी को दिए। चौकी लटोरी की पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दबिश देकर आरोपी पारस सिंह उम्र 48 वर्ष, जोखू प्रसाद उम्र 30 वर्ष, रामकरण उम्र 40 वर्ष, जीतू सिंह उम्र 35 वर्ष, प्रेमचंद उम्र 25 वर्ष, रामचरण सिंह उर्फ रामचरण उम्र 34 वर्ष, टेवन साय उम्र 19 वर्ष, हीरालाल उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम तुलसी, चौकी लटोरी को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब जप्त कर आठों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, प्रधान आरक्षक विशाल मिश्रा, पिंगल मिंज, रविशंकर किण्डो, आरक्षक अम्बिका मरावी, शिव राजवाड़े, पिताम्बर सिंह, रामाधर सिंह, दशरथ राम, विनोद टोप्पो, अजय शुक्ला व महिला आरक्षक मुनेश्री पैंकरा सक्रिय रहे।

## सन स्टील एवं पावर लिमिटेड पर्यावरण के नियमों की उड़ा रही धज्जियां,कुरकुट नदी हो रही दूषित

### फैक्ट्री के प्रदूषण से आस-पास गांव के लोग हो रहे परेशान

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।



घरघोड़ा से महज 5 किलोमीटर की दूरी में कुरकुट नदी से लगकर एक स्पंज आयरन की फैक्ट्री जिसका नाम सन स्टील एवं पावर लिमिटेड है अगल-बगल वन भूमि स्थापित है और नदी के किनारे यह प्लांट जोकि अवैध तरीके से संचालित हो रहा है आसपास के किसानों की भूमि में जिस तरह से पर्यावरण के नियमों की धज्जिया उड़ाते हुए फैक्ट्री के द्वारा किसानों की भूमि में जहर घोल रहे हैं और 24 घंटे कंपनी का किलन चलते रहता है जबकि नियम यह है कि ई एस पी यंत्र चालू कर ही कंपनी का संचालन किया जाए परंतु सन स्टील एवं पावर कंपनी के द्वारा एनजीटी पर्यावरण प्रशासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बेखोफतरीके से प्लांट का संचालन किया जा रहा है आसपास के कई ग्रामीण इलाकों में कंपनी के उड़ने वाले धुंए और डस्ट के वजह से फसल की नुकसानी हो रही है तथा बरसात के दिनों में बीमारी भी फैलने का लोगों को डर सता रहा है जबकि रायगढ़ कलेक्टर महोदय द्वारा स्पष्ट पर्यावरण विभाग को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था की प्रदूषण फैलाने वाले कंपनियों के ऊपर त्वरित कार्यवाही करें लेकिन अब तक पर्यावरण द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की देखना अब यह है कि एनजीटी की पर्यावरण उद्योग राजस्व और वन मंडल एनजीटीटीम द्वारा पर्यावरण को दूषित करने वाली कंपनी पर कब तक लगाम कसती है।




## सामान नागरिक संगीता के विरुद्ध आदिवासी समाज के लोगों ने एसडीएम कुसमी को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

आपको बता दे कि सामान नागरिक संगीता के विरुद्ध में आदिवासी संगठन के सभी समाज के लोगों ने आज अनुविभागीय कुसमी को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में आदिवासियों, अनुसूचित जनजातियों के रीति रिवाज परंपराए अलग विवाह उतराधिकार कानूनतथा इसी की वजह से प्राप्त संव सविनय निवेदन किया कि संविधान के लागू होने 26 जनवरी 1950 के साथ ही अनुच्छेद 1 में 4 राज्यक्षेत्र विभाजन क्रमश: के रूप में सामान्य राज्य तथा 1950 के रूप में ब्रिटिश इंडिया तथा ट्राइबल एरिया के अंतर्गत तथा आदेश के रूप में राजस्थान सहित अन्य राज्यों के स्वतंत्र आदिवासी क्षेत्रों को पांचवी अनुसूचित क्षेत्रध्आदिवासी क्षेत्र निर्धारण किया गया। देश भर के लगभग 500 से अधिक आदिवासी समुदाय को अनुसूचित जनजातियों के रूप में संविधा नअनुसूचित जनजाति आदेश 1950 के तहत तथा



अनुच्छेद 342 366 ;25, के तहत अधिसूचित किया गया। जिसको अधिसूचित करने की शक्ति राष्ट्रपति महोदय को है जिसको लोकुर कमेटी के माध्यम से पांच विशेषताओं की गणना से अनुसूचित जनजाति निर्धारण करने का अधिकार बना दिया गया जिसका काफी दुरुपयोग किया गया है। लोकुर कमेटी के माध्यम से अनुसूचित जनजाति होने के पांच विशेषताओं में एक विशेषता अनूठी बोली भाषा संस्कृति आदिम जनजाति गुण भी है। संविधान के अनुच्छेद 244 ;1, के प्रावधान पांचवी अनुसूची प्रावधान के अनुसार कोई भी कानून अधिसूचित अनुसूचित जनजातियों के रीति रिवाज परंपरा, शादी विवाह, उत्तराधिकार तथा गांव की स्थापना पर हस्तक्षेप नहीं करेगा। सुप्रीम कोर्ट के समता बनाम आंध्र प्रदेश 1997 जजमेंट अनुसार महाशय 22वें ला कमीशन ने एक समान नागरिक संहिता यूनिफ ॉर्म सिविल कोड कोड लागू करने या ना लागू करने हेतु आपति या सहमति मांगे थे। जिस पर हम देशभर के आदिवासी समुदाय को शक के साथ में डर भी है कि अन्य धर्म, जाति के पर्सनल लॉ की सिविल कोड की समानता के साथ ही हम देशभर के आदिवासी अनुसूचित जनजातियों की कस्टमरी लॉ यानी हिंदू, मुस्लिम, ईसाई पर्सनल लॉ से विपरीत शादी उतराधिकार आदि के अलग कानून रीति रिवाज परंपरा के अनुसार कस्टमरी लॉ को समाप्त कर एक समान नागरिक संहिता हम पर भी लागू किया जाएगा।

चुंकि संविधान में अनुसूचित जनजाति का स्टेटस हम आदिवासियों के अलग रीति रिवाज, परंपरा, शादी विवाह, जन्म मृत्यु संस्कार, उत्तराधिकार तथा गांव की अलग व्यवस्था के तहत प्राप्त है। जिसको संविधान के अनुच्छेद 13 ;3, क भी मान्यता देती है। सुप्रीम कोर्ट का मधु किश्वर बनाम बिहार राज्य 1996,। एक समान नागरिक संहिता यूनिफ ॉर्म सिविल कोड हम देशभर के अनुसूचित जनजातियों पर लागू होने के साथ ही संविधान में अधिसूचित हमारी अनुसूचित जनजाति यानी कि एसटी का स्टेटस समाप्त हो जाएगा और चुंकि जलए जंगल, जमीन खनिज आदि पर आए सुप्रीम कोर्ट के कई तरह के देशभर में लागू जजमेंट ; समता बनाम आंध्र प्रदेश 1997, पी रम्मी रेड्डी जजमेंट 1988 आदि,जमीन के कानून टेनेंसी एक्ट और लैंड रिवेन्यू कोड में एसटी और एससी के जमीन के विशेषाधिकार यानी एसटी की जमीन एसटी को ही बिकेगी तथा एससी की जमीन एससी को ही बिकेगी यह भी समाप्त हो जाएगा। आदिवासी समाज के सभी लोगों ने कुसमी अनुविभागीय को ज्ञापन देखकर निवेदन किया कि संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत राज्य की नीति निर्देशक तत्व की बाध्यता न होने के कारण तथा संविधान पूर्व करार संधि होने के कारण यूनिफ ार्म सिविल कोड एक समान नागरिक संहिता को समस्त आदिवासी समुदाय पर, आदिवासी क्षेत्रों 1947 सेक्शन 7, 311 में लागू न करें।

ज्ञापन देने में आदिवासी समाज के पदाधिकारी व समाज के सभी लोग उपस्थित रहे।

### जन चौपाल शिविर में क्षेत्रिय विधायक से महिलाओं ने किया था मांग

# पेयजल समस्या से ग्रामीण त्रस्त, नहीं हो रहा समाधान



जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

**पानी की किल्लत को दूर करने के लिए सरकार की ओर से नल से जल योजना शुरू की गई है। लेकिन गर्मी का मौसम शुरू होते ही ग्राम राजेन्द्रपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।**

राजेन्द्रपुर गांव में पिछले पिछले 3-4 माह से ही पीने के पानी के लिए लोगों को भारी मुश्किलों से जूझना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री लक्ष्मण यादव व सुनील नगेसिया, ठाकुर नागेसिया, चमर नागेसिया, बंधनी बाई, सोमारी बाई, ने बताया कि सरकार की ओर से करोड़ों रुपये खर्च कर हर घर नल से जल पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में सुस्त रफ्तार से चल रही इस योजना के कार्य के चलते लोगों को गर्मी के मौसम के बाद भी पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। गांव के महिलाओं ने बताया है। की हम अपने विधायक व संबंधित अधिकारियों को भी हमारी समस्याओं से अवगत कराया है। फिर भी आज तक हम सभी की समस्याएं दूर नहीं हो पायी है। आपको बता दे की यहां राजेन्द्रपुर का गांव में लभगभ 75.80 घर है। जहां पानी की समस्याएं लगभग 3-4 माह पहले गर्मी से ही और अभी बरसात आ गयी है ऐसे में इन्हें और भी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

आपको बता दे कि आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी गांव के आधे हिस्से में लोगों को पीने के लिए पानी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में लोग आज भी कई किलोमीटर दूरी का सफर तय करके पीने का पानी लाते हैं। इन लोगों ने बताया कि पूर्व में विधायक, जनप्रतिनिधियों, व अधिकारियों से ग्रामीण दर्जनों बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन किसी भी नेता व प्रशासनिक अधिकारी ने ग्रामीणों की इस समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया।

सरकार की ओर से हर योजना पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। लेकिन इन योजनाओं का ग्रामीण क्षेत्रों में सही लाभ आम लोगों को नहीं मिल पाता। इन ग्रामीणों ने हमारे संवाददाता सद्दाम खान जोहार छत्तीसगढ़ अखबार के समाचार के माध्यम से अपनी बात रखी है। कि गर्मी के मौसम बाद बरसात को देखते हुए पीएची विभाग के अधिकारियों को इस विषय को गंभीर से लेते हुए खराब हैंडपंप को सुधर करने की कहा है। जिससे हमारे गांव में पानी समस्या को दूर हो जाये जिससे हम सभी को अपनी की समस्याओं से झूझना न पड़े।

### क्या कहते है पीएची विभाग के सब इंजीनियर

जब उनसे बात की गयी और समस्या को बताया गया तो उनका कहना है, जहां भी खराब हैंडपंप है मैं मिस्री को भेज कर हुए तत्काल बनाने को कहता हूं।

* जब इस सम्बंध में फोन लगाकर बात करना चाही गयी तो उनसे संपर्क नहीं हो पायी।

विधायक सामरी

### पीएची मिस्री ने कॉल कर हमारे संवाददाता को दी जानकारी

विभाग के आदेश के बाद मैं हैंडपंप बनाने आया हुआ था। लेकिन एक हैंडपंप के पास निजी बोर है। जिसके कारण वहां पानी आना मुश्किल है। दूसरा हैंडपंप जो है वहां पानी का लेबल कम है। जिसके कारण दिक्क त है। हैंडपंप में 3 पाइप डालना होगा जो कि अभी हमारे पास विभाग में नहीं है लिखवा दिया गया है अब जब आएगा मैं लगा दूंगा। अब देखना होगा की विभाग के संबंधित अधिकारी पाइप लगाकर जल्द से जल्द हैंडपंप को चालू कर पाते हैं या नहीं।

## एक नजर

### रविवि नैक टीम आएगी 20 को, विवि प्रबंधन ने शुरू की तैयारी




**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (रविवि) ने नैक टीम की विजिट के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं. नैक टीम 20 जुलाई को आएगी और 22 जुलाई तक विवि का निरीक्षण करेगी।

नैक टीम के आने से पहले 4 जुलाई को रविवि प्रबंधन ने कार्यपरिषद की बैठक आयोजित की. बैठक में कुलसचिव डॉ शैलेंद्र पटेल ने सदस्यों को नैक टीम के आने की जानकारी दी. विवि के कुलसचिव ने इसके लिए तैयारियों का ब्योरा सदस्यों को दिया है. कुलसचिव ने कहा कि दो बार मॉकड्रिल के दौरान जो खामियां मिली थी. उनको दूर कर लिया गया है. नैक टीम के दौरे को लेकर तैयार की जा रही है. 20 जुलाई को नैक टीम के सदस्या विवि में विजिट करेंगे. पिछली बार से अच्छी रैंकिंग मिले, इसलिए सभी लोग अपना-अपना शत प्रतिशत देने का प्रयास करेंगे. डॉ शैलेंद्र पटेल, कुलसचिव, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय।

#### सीबीएस की मेरिट लिस्ट जारी

पंडित रविशंकर शुक्ल परिसर में संचालित सेंटर फॉर बेसिक साइंस (सीबीएस) की मेरिट लिस्ट संकाय प्रमुख ने जारी कर दिया है. मेरिट लिस्ट के साथ वेटिंग लिस्ट भी विवि की वेबसाइट में अपलोड की गई हे. सीबीएस प्रबंधन के अनुसार यदि किसी छात्र ने आवेदन फार्म भरने के दौरान या काउंसलिंग की प्रक्रिया के दौरान गलत दस्तावेज दिए, तो उसकी प्रवेश प्रक्रिया को निरस्त कर दिया जाएगा।

### अधेड़ की गला दबाकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**रायपुर** । ग्राम भुरसुदा स्थित पंडरी तालाब में एक अधेड़ की गला दबाकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में नेवरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफहत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 8 जुलाई के दोपहर नेवरा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भुरसुदा के पंडरी तालाब में एक व्यक्ति का शव तैर रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शार्ट पीएम रिपोर्ट में पुलिस को पता चला कि मृतक रामअवतार रात्रे 55 वर्ष निवासी भुरसुदा की गला दबाकर हत्या की गई है। जिससे पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफहत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### महिला के खाते से 99626 रुपए पार

**रायपुर** । बुक प्वाईंट रिडिंग के नाम पर महिला के खाते से 99626 रुपए पार करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अभिलाषा शर्मा 36 वर्ष भैरव सोसायटी पचपेड़ी नाका की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि 27 से 28 जून के मध्य उसके मोबाइल में अज्ञात नंबर 74285-63085, 79069-36534 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थिया को कहा कि आपका का क्रेडिट का केश बुक प्वाईन्ट रिडिंग नहीं किया गया है, ऐसा कहकर एक लिंक भेजकर एक्सेस बैंक के क्रेडिट कार्ड से 99626 रुपए ऑनलाईन ट्रांजेक्शन कर धोखाधडी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### महानदी पुल के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर** । ग्राम सारागांव महानदी पुल के पास से अज्ञात व्यक्ति ने पल्सर बाइक पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मिहिर रंजन सामंत 23 वर्ष कमल विहार का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी की पल्सर बाइक क्रमांक ओडी 02 सीजी 0408 सारागांव स्थित महानदी पुल के पहले एक्सीडेंट हो गया था। जिससे प्रार्थी ने अपनी बाइक को वहीं खड़ी कर दिया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दी।

## जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आगामी 11 जुलाई 2023 को शाम 04 बजे कलेक्टर संजीव झा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जलाशयों में उपलब्ध जल की मात्रा,वर्ष 2023-24 में खरीफ एवं रबी सिंचाई का लक्ष्यए खादए बीज की उपलब्धता तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने समिति के सभी सदस्यों से उक्त बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### छुरीकला गौठान मवेशियों के देखरेख हेतु किया जा रहा फेंसिंग एवं अन्य आवश्यक सुधार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

नगर पंचायत छुरीकला क्षेत्रांतर्गत मवेशियों को मुख्य मार्गों से हटाने के लिए निकाय द्वारा आवश्यक कार्य किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत छुरीकला ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत छुरीकला क्षेत्र में निकाय द्वारा मवेशियों को सड़कों से हटाये जाने हेतु रोका.छेका की टीम गठित किया गया है। जिनके द्वारा मवेशियों को सड़क मार्ग से हटाने का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। साथ ही मुनादी के माध्यम से पशुपालकों को अपने मवेशियों को घरों में बांधकर रखने हेतु सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत छुरीकला में मवेशियों के देखरेख एवं चारे पानी की व्यवस्था हेतु गौठान संचालित है। वर्तमान में गौठान की बाउण्ड्री की तार फेसिंग एवं बॉस बल्ली को अज्ञात लोगों द्वारा चुरा लिया गया है। जिसके कारण गौठान में मवेशियों को एकत्र रखने में कठिनाई हो रही है। सीएमओ छुरीकला ने बताया कि गौठान में फेंसिंग एवं अन्य आवश्यक सुधार कार्य किया जा रहा है एवं जल्द ही शेष कार्य पूर्ण कर मवेशियों को गौठान में ही एकत्र रखा जाएगा। जिससे किसानों एवं पशुपालकों को पशुओं के कारण खेती के समय किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

## पूंजीपथरा चौक में लगता है रोजाना जाम, आवागमन करने वाले यात्री हो रहे परेशान

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।





घरघोड़ा तमनार से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी स्टेट हाईवे सड़क पूंजीपथरा चौक के आसपास 24 सो घंटे कोयले से नदी ट्रेलरो ट्रकों द्वारा जाम रहता है जिसके वजह से आम नागरिकों को काफी दिक्कतें होती हैं पूंजीपथरा चौक के पास से महज 50 मीटर की दूरी में पुलिस थाना भी है लेकिन चौक पर लगे जाम पर ऑन ड्यूटी लगे पुलिस वालों की उपस्थिति नजर नहीं आती स्टेट हाईवे सड़क छत्तीसगढ़ से लगे सीमा बिहार यूपी को जोड़ती है जिसमें सैकड़ों सवारी बसों का आवागमन है किसी को को ट्रेन पकड़ना रहता है या फिर किसी को इमरजेंसी में हॉस्पिटल ले जाना रहता है लेकिन सड़क जाम रहने की वजह से आवागमन करने वाले यात्री समय पर नहीं पहुंचते साथ ही साथ लंबी कोयला से भरी ट्रकों के द्वारा लापरवाही पूर्वक भी गाड़ियां चलाई जाती है जिस पर आरटीओ उड़नदस्ता एवं पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाति इसलिए रोजाना दुर्घटना होती रहती है स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को कई बार चेताया लेकिन अब तक किसी प्रकार स्थानीय प्रशासन ने सुध नहीं ले रही।

**मैट्स यूनिवर्सिटी में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन पंडित विजय शंकर मेहता संतान सूत्र पर बातें कही**

## संतान की ऊर्जा का रुपांतरण जरूरी पंडित मेहता



**रायपुर।** आज के दौर में बच्चे बहुत प्रतिभाशाली है, लेकिन उन्हें सही दिशा देने की आवश्यकता है। सही दिशा नहीं देने की वजह से बच्चे दिशाहीन होते जा रहे है और यही परिवार में अशांति बढने् का कारण है। जो भी काम करो होश में करो, आज जो काम हो रहे है वह होश में नहीं हो रहे है। होश में कभी भी गलत कार्य नहीं होते गलत कार्य हमेशा मनुष्य बेहोशी में ही करता है। जीवन के इस शतरंज में प्रयास करना मनुष्य का काम है और परिणाम देना परमात्मा का। श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन संतान सूत्र पर ये बातें पंडित विजय शंकर मेहता ने कहीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेष में जिस प्रकार से माता-पिता अपने संतानों का पालन-पोषण कर रहे है उसमें संघर्ष का अभाव है, बिना संघर्ष के ही उनकी सारी इच्छाएं पूरी की जा रही है, यही संतानों के जीवन से भटकने का मूल कारण है। क्योंकि बिना संघर्ष के ही वह सब कुछ प्राप्त हो रहा है, संघर्ष उनके माता-पिता कर रहे है और अशांत भी वही है। उन्होंने महाभारत की माता कुंती व गंधारी का दृष्टांत के माध्यम से बताया कि कैसे माता कुंती ने अभाव में भी अपने बच्चों का पालन-पोषण किया और उन्हें धर्म के रास्ते पर चलना सीखाया। वहीं दूसरी ओर गंधारी ने विलासिता में अपने 100 पुत्रों का पालन-पोषण किया लेकिन एक भी योग्य नहीं निकला क्योंकि गंधारी ने उनकी ऊर्जा का रुपांतरण ही नहीं किया। कथावाचक पंडित मेहता जी ने कहा कि बच्चों का पालन-पोषण होश में रहते हुए करना चाहिए न कि आंखों पर पट्टी बांधकर करना चाहिए, उनकी गलतियों का भी उन्हें एहसास कराते रहना चाहिए। संतानों के पालन-पोषण में आज माता और पिता दोनों को चौकन्ना रहने की आवश्यकता है। बच्चों का लाड़-प्यार करना कोई बुरी बात नहीं है लेकिन उन्हें अभाव का भी एहसास रहना चाहिए। पंडित जी ने कहा कि जो भी करो होश में करो, 90 प्रतिशत लोग आज अपने बच्चों का पालन-पोषण होश में नहीं कर पा रहे है, जो संस्कार उन्हें देने चाहिए वे नहीं दिए जा रहे, यही कारण है कि आज संतानों से सुख की बजाए दुख्ख मिल रहा है।

### अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को किया रवाना

## वन मंडल धरमजयगढ़ में पौधा तुंहर दुआर का शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**छत्तीसगढ़ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा निशुल्क पौधा वितरण के लिए पौधा तुंहर दुआर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत वन मंडल धरमजयगढ़ द्वारा पौधा तुंहर दुआर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।**







कार्यक्रम में अतिथि मुखीराम राठिया जिला अध्यक्ष लघु वनोपज सहकारी समिति धरमजयगढ़,नगर पंचायत अध्यक्ष तरुणश्याम साहू,उपाध्यक्ष टारजन भारती, वन मंडलाधिकारी अभिषेक जोगावत, मनदीप सिंह कोमल, यूसुफ छाया, विजय यादव एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई।

जिसके बाद अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर पौधा भरे वाहन को रवाना किया गया। डीएफ ओ अभिषेक जोगावत ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधा तुंहर दुआर शुरू किया गया है। जिसका उद्देश्य धरमजयगढ़ क्षेत्र को हरा भरा करना है। लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। पौधा प्राप्त करने के लिए संपर्क नंबर जारी किया गया है। बता दें कि यह कार्यक्रम 31 जुलाई तक चलाई जाएगी। नि:शुल्क पौधे घर प्राप्ति के लिए डीडी सिदार 9424194508, एसके चौहान 9754720218 संपर्क नंबर है। इस अवसर पर वन मंडल धरमजयगढ़ के अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in